मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वस्नीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर जी" के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555


हनुमानगढ़ी के पवित्र निशान व पताका के साथ मंदिर परिसर से बाहर निकलते नागा साधु।


हनुमानगढ़ी के निशान की आरती उतारते संत। अमृत विचार


रामपथ पर होली खेलते नागा साधु व अन्य। अमृत विचार

# रंगभरी एकादशी पर नागा साधुओं ने खेली होली

- रामनगरी में होलिकोत्सव का आगाज हनुमानगढ़ी के पवित्र निशान, पताका व गाजे बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा
- अन्य मठ मंदिरों में भगवान व संतों के साथ खेली होली, की पंचकोसीय परिक्रमा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी में शुक्रवार को रंगभरी एकादशी के साथ होलिकोत्सव का प्रारंभ हो गया। सुबह हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ संत-महंतों की अगुवाई में नागा साधुओं ने पहले बजरंगी बली को अबीर-गुलाल समर्पित किया। इसके बाद हनुमानगढ़ी के पवित्र निशान, पताका व गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसे अयोध्या के पंचकोसीय क्षेत्र की परिक्रमा की व अन्य मठ मंदिरों में होली खेलने का निमंत्रण भी दिया। जमकर होली खेली।

अयोध्या के हनुमानगढ़ी परिसर में शुक्रवार को रंगभरी एकादशी पर रंगों के बीच आस्था का ज्वार दिखा। सुबह हनुमानजी को अबीर-गुलाल समर्पित करने के बाद नागा साधुओं ने होली खेली। इस दौरान मौजूद हजारों श्रद्धालुओं ने भी एक-दूसरे को रंग लगाया। इसके बाद परंपरागत रूप से कड़ी सुरक्षा के बीच हनुमानगढ़ी के निशान व पताका को लेकर साधु-संतों का जुलूस अयोध्या की सड़कों पर निकला व होली खेलते हुए आगे बढ़ा। इससे और सड़कें अबीर और गुलाल से रंगी नजर आईं। संतों ने ढोल नगाड़ों कि धुन पर जमकर नृत्य भी किया। जुलूस में नागा साधुओं की टोलियों ने विभिन्न करतब भी दिखाए। होली की मस्ती में सराबोर संतों ने हर आने-जाने वाले लोगों को अबीर गुलाल से रंगा। यह जुलूस अयोध्या के प्रमुख मार्गों से होता हुआ जुलूस के मार्ग में पड़ने वाले सभी मंदिरों में भी गया। जहां पर भगवान के विग्रह के साथ होली भी खेली। इसके बाद संतों ने अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा कर सरयू स्नान भी किया। इस दौरान हनुमानगढ़ी के संत संजय दास, हेमंत दास, सरोज दास, उपेंद्र दास, राम प्रसाद दास समेत सैकड़ों नागा साधु मौजूद रहे।


राम मंदिर में विराजमान रामलला।


राम मंदिर परिसर में होली खेलते पुजारी।

## राम मंदिर में पुजारियों ने रामलला के संग खेली होली

अयोध्या, अमृत विचार। राम मंदिर में भी एकादशी पर्व पर रंगों का उल्लास रहा। सुबह श्रृंगार आरती के बाद मंदिर में पुजारियों ने जमकर रंग बरसाए, भगवान श्रीरामलला और प्रथम तल पर सिया संग विराजमान राजा राम को भी फूलों और अबीर गुलाल लगाया गया। इस दौरान पुजारी ढोल मजीरे के साथ भगवान के भजन करते हुए जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए। दर्शन करने आए श्रद्धालु भी इस उत्सव को देख अभिभूत हुए। इस अवसर पर श्रीरामलला को फल, मेवा, मिष्ठान के साथ फलाहार व्यंजनों का भोग भी लगाया गया।

## भगवान के विग्रह के साथ खेली होली

पुजारी रमेश दास ने बताया कि होली उत्सव के चार दिन पूर्व रंगभरी एकादशी का पर्व मनाया जा रहा है। सभी नागा साधु हनुमान जी महाराज के निशान के साथ मंदिरों में होली का निमंत्रण देते हुए पंचकोसी परिक्रमा की है। मुख्य रूप से राजगोपाल मंदिर, नरहरि मंदिर, तुलसी जी की छावनी, मणिरामदास छावनी, राम वल्लभा कुंज, बड़ा भक्त महल में पहुंच कर संतों के साथ रंग खेला गया।

## 5 हजार से अधिक मंदिरों में भगवान को लगाया अबीर-गुलाल

अयोध्या के पांच हजार से अधिक मंदिरों के गर्भगृह में विराजमान भगवान के विग्रह को ब्रह्ममुहूर्त में साज-सज्जा के साथ आरती कर गुलाल लगाया गया। मंदिरों में आने वाले भक्तों को भी प्रसाद के रूप में गुलाल लगाया गया। संजय दास ने बताया कि वसंत पंचमी पर्व से रामनगरी में औपचारिक रूप से मंदिरों में होली का शुभारंभ हो जाता है और प्रतिदिन भगवान को अबीर-गुलाल भी चढ़ाया जाता है। लेकिन फाल्गुन शुक्ल एकादशी को रंगभरी एकादशी पर्व से यह रंग और चटक हो जाता है।


पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ने आज प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन किया। मंदिर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की जानकारी भी ली।


कचहरी परिसर में होली खेलते अधिवक्ता।

## अबीर-गुलाल से सरोबार हुए अधिवक्ता

अयोध्या, अमृत विचार। फैजाबाद कचहरी परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने जमकर खेली होली। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र, संयुक्त मंत्री मनोज कुमार सिंह एवं अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सभी अधिवक्ताओं को होली की बधाई दी। इस दौरान सभी अधिवक्ता रंग बिरंगे रंगों में नजर आए। दिनेश सिंह, विपिन कुमार मिश्रा, धनुष श्रीवास्तव, जितेंद्र श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, आलोक खरे, सोमनाथ तिवारी एवं कार्यालय प्रभारी रामप्रसाद यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज खुले रहेंगे सरकारी दफ्तर व कोषागार

अयोध्या, अमृत विचार : जिले में 28 फरवरी शनिवार को सभी सरकारी कार्यालय, संस्थान, बैंक, कोषागार आम दिनों की तरह खुले रहेंगे। प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव ने इस आशय का निर्देश जारी किया है।

### नकली खोया, मिलावटी मिठाइयों का खतरा

सोहावल, अमृत विचार : त्योहारों का मौसम आते ही तहसील के आस-पास क्षेत्र में एक बार फिर नकली खोया और मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री बढ़ने की आशंका है। स्थानीय बाजार ड्योढ़ी बाजार, संजयगंज, कांटा चौराहा, मुबारकगंज और मकसूमगंज में बिक रही मिठाइयों की गुणवत्ता पर उपभोक्ताओं ने सवाल उठाना शुरू कर दिया है। लोगों ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से विशेष जांच अभियान की मांग भी की।

### फरार आरोपी पर 10 हजार का इनाम

अयोध्या, अमृत विचार। थाना इनायतनगर में नाबालिग का अपहरण करने के आरोप में दर्ज मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने 10 हजार का पुरस्कार घोषित किया है। मामले में आरोपी अमित कुमार उर्फ कल्लू निवासी धौरहरा मुकुन्दहा पूरे बनहा थाना खंडासा के खिलाफ 6 दिसंबर 2025 को केस दर्ज किया गया था। तब से वह फरार चल रहा है।

### लक्ष्य के सापेक्ष वसूली का निर्देश



अयोध्या, अमृत विचार : अमृत विचार : अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट व अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर, राजस्व वसूली व निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कम वसूली करने वाले विभागों को प्रगति लाने का निर्देश दिया। कहा कि राजस्व वसूली की समीक्षा साप्ताहिक रूप से करे। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता होनी चाहिए। स्थलीय निरीक्षण के बाद ही जांच आख्या लगाए। सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की प्रविष्टियां नियमित रूप से अपडेट रखने का निर्देश दिया।

### अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य धरणीधर को डॉक्टरेट की मानद उपाधि


उपाधि के साथ आचार्य धरणीधर।

पूराबाजार, अमृत विचार : अयोध्या धाम के अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक व श्रीधर्म सेवा संस्थान के संस्थापक आचार्य धरणीधर महाराज को उनके उत्कृष्ट आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, शैक्षणिक व सामाजिक योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। वह सनातन संस्कृति, अध्यात्म सेवा के क्षेत्र में तन-मन-धन से सक्रिय रहते हैं। कथावाचक को इंटरनेशनल इंटर्नशिप यूनिवर्सिटी ने 26 फरवरी को दिल्ली में 'डॉक्टरेट' की मानद 'उपाधि' से सम्मानित किया है। संतकबीरनगर के मूल निवासी आचार्य धरणीधर महाराज प्रवचनों में सनातन संस्कृति, अध्यात्म और जीवन के मूल्यों पर जोर देते है। धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक करते हैं।

# बागों के अमराई की भीनी खुशबू करा रही बंसत का अहसास

**मैंगों बेल्ट में आम के पेड़ पर लद रहे बौर, बागान मालिक खुश**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मैंगों बेल्ट बागों से उठ रही भीनी खुशबू बसंत का अहसास कर रही है। इंद्रधनुषी रंगों के त्योहार होली के पहले पतझड़ के साथ आम के पेड़ अब बौर से लदने लगे है। बागान मालिकों का मन प्रसन्नता से भर रहा है।

सोहावल के साथ मसौधा और पूराबाजार तक पलपट्टी क्षेत्र घोषित है। इनके बीच से हाईवे के साथ पक्की सड़कें हैं। इन सड़कों के किनारे बड़े-बड़े आम के बागान हैं। अब इन पर चलते बसंत का अहसास हो रहा है। पेड़ों के बौर से उठ अमराई की भीनी-भीनी खुशबू राह चलते राहगीरों को आकर्षित कर रही है। बसंत आ गया। पेड़-पौधे पुराने पत्ते त्याग नई कोपलों से सज गए। हरियाली के बीच मैंगोबे ल्ट के दशहरी, चौसा के साथ दूसरी प्रजाति के पेड़ों पर बौर लद रहे हैं। इस बार गांव देहात के पुराने पेड़ों में हरियाली के साथ बौर आने का क्रम दिखाई पड़ रहा है।

मैंगों बेल्ट के बागान मालिकों के साथ यहां काम करने वाले आशा भरी निगाहों से पेड़ों की ओर निहार रहे हैं। बागान मालिक कल्लू, अमरेश सिंह कहते हैं कि अब तक मौसम ने साथ दिया है। बौर आ रहे हैं। यदि इसी तरह प्रगति रही तो फसल अच्छी होगी।



सोहावल में कुछ ऐसे दिखते हैं आम के पेड़ पर लगे बौर। अमृत विचार

# प्रधानाध्यापक को चार्ज न देने में इंचार्ज निलंबित, सोहावल वीआरसी से संबद्ध

- तारुन शिक्षा क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पीठापुर का मामला

तारुन, अयोध्या।

**अमृत विचार :** तारुन शिक्षा क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पीठापुर के प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र प्रसाद वर्मा को विद्यालय में तैनाती के आठ माह बाद इंचार्ज अम्बिका वर्मा द्वारा चार्ज न देने के आरोप में विभाग ने उन्हें निलंबित कर सोहावल वीआरसी से सम्बद्ध कर दिया है। विभागीय कार्रवाई के बाद इंचार्ज ने बीमारी का हवाला देकर मेडिकल अवकाश ले लिया है। वहीं, दोनों ने एक-दूसरे पर लगाए अनियमितता का आरोप लगाया है।

प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र प्रसाद वर्मा ने बताया कि वह 2 जुलाई 2025 को मिल्कीपुर से स्थानांतरण होकर पीठापुर मे आए तो विद्यालय इंचार्ज अम्बिका प्रसाद वर्मा ने उन्हें चार्ज देने से इनकार कर दिया। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद चलता रहा। इंचार्ज को कई बार चार्ज देने के लिये विभाग द्वारा निर्देशित किया गया, पर उन्होंने उसका अनुपालन नहीं किया। जिसे विभाग ने अनुशासन हीनता मानते हुए उन्हे निलंबित कर सोहावल वीआरसी से अटैच कर दिया। इंचार्ज अम्बिका वर्मा ने बीएसए अयोध्या को ऑनलाइन शिकायती पत्र देकर प्रधानाध्यापक के इशारे पर विद्यालय में कार्यरत एआरपी जयंत पर अनुदेशिका अर्चना के 16,17,19, जनवरी को गैर हाजिर रहने के दौरान विद्यालय उपस्थित पंजिका में उन्हें विद्यालय में मौजूद होना दर्शाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि एआरपी के जाने के बाद जब खंड शिक्षा अधिकारी तारुन यशवंत कुमार विद्यालय निरीक्षण को पहुंचे तो प्रधानाध्यापक ने अनुदेशिका का हस्ताक्षर उपस्थित पंजिका में उपरोक्त दिनांक का 20 जनवरी को अवकाश लेना दिखा दिया। वहीं, आरोप को प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र प्रसाद वर्मा ने निराधार बताते हुये इंचार्ज पर विद्यालय के कंपोजिट ग्रांट मद की धनराशि व यूको क्लब की धनराशि में गबन व हेराफेरी का आरोप लगाया है। खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत कुमार ने बताया कि 2022-23 की जनसंख्या के आधार पर सुरेन्द्र प्रसाद वर्मा की तैनाती उपरोक्त विद्यालय में शासन द्वारा की गयी है। ऐसे में इंचार्ज अम्बिका वर्मा अवैध तरीके से विभाग के दिशा निर्देशों का अनुपालन न कर अनुशासनहीनता कर रहे है। उनके इस कृत्य से उन्हें संबंधित विद्यालय से हटाकर सोहावल वीआरसी से संबंध कर दिया गया है।

# विधायक के प्लांट पर तीसरे दिन भी आयकर अफसरों ने की जांच-पड़ताल

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार:** क्षेत्र में बुधवार दोपहर आयकर विभाग की टीम ने सीएस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के कार्यालय व प्रोजेक्ट साइट पर अचानक छापा मारकर जांच शुरू की। कई वाहनों से पहुंची टीम ने परिसर को अपने कब्जे में लेकर आवागमन सीमित कर दिया। कार्रवाई तीसरे दिन शुक्रवार को भी देर शाम तक जारी रही।

जांच के दौरान परिसर में मौजूद कर्मचारियों व अधिकारियों को अंदर ही रहने के निर्देश दिए गए। सूत्रों के अनुसार कर्मचारियों के मोबाइल फोन अस्थायी रूप से जब्त कर लिए गए ताकि दस्तावेजों और डिजिटल डाटा की निष्पक्ष जांच की जा सके। बाहर मौजूद लोगों को सुरक्षा कारणों से परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। कंपनी सड़क निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय एक प्रमुख फर्म है, जो रोड कांस्ट्रक्शन, हाईवे और एक्सप्रेस वे परियोजनाओं पर कार्य करती है। आयकर विभाग की कार्रवाई के चलते दो दिनों से कंपनी का कामकाज पूरी तरह ठप है। प्रोजेक्ट साइट के बाहर माल लेकर पहुंचे ट्रकों की लगभग एक किलोमीटर लंबी कतार सड़क किनारे लगी है। कई वाहन चालकों को 50 घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा। आयकर अधिकारियों ने कार्यालय में रखे दस्तावेजों, कंप्यूटर डाटा और वित्तीय अभिलेखों की गहन जांच की। सूत्रों का कहना है कि टीम जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने में जुटी रही। समाचार लिखे जाने तक आयकर विभाग की टीम मौके पर मौजूद थी, जांच प्रक्रिया जारी थी। स्थानीय लोगों के बीच कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। हालांकि आधिकारिक स्तर पर आयकर विभाग की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## 26 में 12 घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति

**अयोध्या, अमृत विचार :** दर्शननगर विद्युत उपकेन्द्र से नगर के विद्धुत उप केन्द्रों को आने वाली 33 हजार केवीए लाइन गुरुवार दोपहर 12 बजे और शुक्रवार दोपहर दो बजे 26 घंटे में दो बार ट्रिप हुई। इसके नगर के छह विद्युत उप केन्द्रों की आपूर्ति करीब 12 घंटे प्रभावित रही। इससे पेयजल संकट भी हुआ। विद्युत विभाग के प्रवक्ता आशीष निगम ने बताया कि 33 केवी मुख्य फीडर में तकनीकी खराबी के कारण पूरी सप्लाई प्रभावित हुई है। इंजीनियरों ने फॉल्ट लोकेट कर मरम्मत कर दी है। विभाग ने लोगों से अपील की कि धैर्य रखें, अनावश्यक लोड न बढ़ाएं। अधिशासी अभियंता प्रथम मनीष दूबे ने बताया कि साढ़े तीन बजे आपूर्ति सुचारू हो गई।

# बजट से व्यापार को मिलेगी नई गति

- सर्किट हाउस में आयोजित किया संवाद कार्यक्रम

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** सर्किट हाउस में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार के बजट की प्रमुख उपलब्धियों को विस्तार से साझा किया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न व्यापारी संगठनों, उद्योग प्रतिनिधियों और युवा उद्यमियों ने भाग लिया।

विधायक ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट सर्वसमाज, विशेषकर व्यापारियों, किसानों और युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बताया कि लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन, स्वरोजगार योजनाओं के विस्तार, स्टार्टअप को बढ़ावा तथा डिजिटल लेन-देन को सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और स्थानीय बाजारों में कारोबार बढ़ा है। बजट में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, सड़कों के चौड़ीकरण, विद्युत व्यवस्था में सुधार और सुरक्षा प्रबंधों के विस्तार से व्यापारिक वातावरण और बेहतर होगा। कार्यक्रम के अंत में व्यापारियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव विधायक के समक्ष रखे। समाधान का आश्वासन उन्होंने दिया। कार्यक्रम में चंद्र प्रकाश गुप्ता, श्रीनिवास अग्रवाल, सजन अग्रवाल, जयवीर सिंह, अवि आनंद, अरुण अग्रवाल, नीरज जायसवाल, मनोज, रवि सोनकर, पंकज गुप्ता, बालकष्ण वैश्य, अचल, मुकेश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



सर्किट हाउस में व्यापारी संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

**हालात** अब नहीं दिखाई देती ढोल मंजीरों के साथ फगुआ गाने वालों की टोली

# पारंपरिक होली, फगुवा और जोगीरा गीतों से दूर हो रही युवा पीढ़ी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** आधुनकिता व व्यस्तता के इस दौर में होली की पारंपरिक मिठास धीरे-धीरे कम होती जा रही है। स्वस्थ पारंपरिक होली, फगुआ व जोगीरा जैसे गीत तो अब लुप्त हो जा रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी ने इनसे दूरी बना ली है। आज उनकी जगह अश्लील व फूहड़ गीतों ले ली है। इसके बावजूद आज अवध में होली खेले रसिया, जोगिरा सा रा रा रा... होली आई रे कन्हाई रंग बरसे... जैसे कुछ गीत ऐसे हैं जिनके बिना आज भी होली पूरी नहीं मानी जाती।



कुछ वर्ष पहले तक वसंत पंचमी से ही लोग होली की तैयारी में जुट जाते थे। आम लोगों में इस त्योहार को लेकर काफी उत्साह रहता था, लेकिन अब पुरानी परंपरा सिमटी जा रही है। लोगों का कहना है कि गांवों में पुरानी संस्कृति के अनुसार, शाम ढलते ही चौपालों पर बड़े बुजुर्ग ढोल-मजीरों के साथ होली, फगुआ और जोगीरा आदि गाकर होली पर्व का स्वागत करते थे। इसमें राधाकृष्ण का प्रेम प्रसंग, श्रीराम की बाल लीलाओं के साथ-साथ श्रृंगार और विरह के अलावा देवी-देवताओं की लीलाओं का भी प्रसंग होता था। पारंपरिक होली गायन में बड़े-बुजुर्ग, युवा और बच्चे सब एक साथ बैठते थे। इस दौरान घर की महिलाएं भी चौखट की ओट से पारंपरिक होली गीत सुनती थीं। समय के साथ-साथ स्वस्थ पारंपरिक फाग गीतों की परंपरा भी लुप्त होती जा रही है। इसकी जगह युवाओं में फूहड़ गीतों का चलन बढ़ रहा है। हालांकि अब भी कुछ गांवों में बड़े बुजुर्ग इस परंपरा को बरकरार रखने की कवायद में लगे हुए हैं।

फगुवा गीतों के जानकार बैजनाथ मिश्र बताते हैं कि एक समय था जब इन गीतों का गाने वालों की टोलियां हुआ करती थीं। जो ढोल, मजीरा, हारमोनियम की धुन पर ...काहे खातिर राजा रूसे, काहे खातिर रानी, काहे खातिर बकुला-रूसे कइले ढबरी पानी। जोगीरा सा रा रा रा... जैसे जोगीरा गीत गाए जाते थे। लोगों के पैर अपने आप थिरकने लगते थे। गांव छोड़ अब शहर में रहने वाले लालजी वर्मा भी फगुआ व जोगीरा गीतों के शौकीन हैं। वह बताते हैं कि आज बिरज में होली खेले रसिया... फाग खेलन बरसाने आये हैं, नटवर नंद किशोर जैसे फगुवा गीत अब लुप्त होने की कगार पर है।

## भाईचारे के साथ मनायी जाता था पर्व

डेढ़ दशक पूर्व तक होली के अवसर पर परदेस में रहने वाले लोग अपने घर पहुंचकर परिवार के साथ होली पर्व मनाते थे। लगभग सभी घरों में पकवान बनाए जाते थे। होली के दिन लोग एक-दूसरे के घर पहुंच कर बड़े बुजुर्ग के पैर पर अबीर लगाकर आशीर्वाद लेते थे। शाम को बड़े बुजुर्ग से लेकर युवा व बच्चे नए वस्त्र पहनकर एक दूसरे के घर होली मिलने को जाते थे। लोग एक दूसरे को पकवान भी खिलाते थे, इसमें गुझिया अवश्य शामिल होती थी। पटवा मंदिर के पुजारी सत्येंद्र दास शास्त्री बताते हैं कि एक समय था जब यह पर्व आपसी भाईचारा का प्रतीक माना जाता था, आज यह परंपरा लगभग खत्म होती जा रही है।

## चलती ट्रेन पर रंग या कीचड़ फेंकने वालों से सख्ती से निपटेगी रेलवे पुलिस

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** होली के पर्व पर चलती ट्रेनों पर रंग, कीचड़ या पत्थर फेंकने की घटनाओं को लेकर रेलवे पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। आरपीएफ व जीआरपी की टीमें लगातार गश्त कर लोगों से सहयोग करने की अपील कर रही है।अयोध्या में रेलवे ट्रैक के आसपास रेलवे पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। ट्रेनों पर रंग, कीचड़ या अन्य वस्तुएं फेंकने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल यात्रियों की जान को खतरे में डालते हैं, बल्कि रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं। इसको लेकर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीमें ट्रैक किनारे बसे गांवों और बस्तियों के निवासियों से अपील कर रही है कि वह ऐसी घटनाओं को तुरंत सूचना दें और सहयोग करें। स्थानीय लोगों को जागरूक करने के लिए पंफलेट भी बांटे जा रहे हैं लोगों से मिलकर उनसे कहा जा रहा है कि बच्चे और युवा रेलवे ट्रैक के पास होली न खेलें या कोई जोखिम भरा कार्य न करें। अयोध्या कैंट आरपीएफ थाना प्रभारी हरीश साही ने बताया कि चलती ट्रेनों पर रंग, कीचड़ या पत्थर फेंकने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी घटना देखने पर तुरंत 139 या रेलवे हेल्पलाइन पर सूचना दें।

अमृत विचार

अयोध्या, शनिवार,28 फरवरी 2026



न्यूज ब्रीफ

### सड़क पर ब्लैक स्पॉट और नियमों के पालन पर निर्देश

**अयोध्या, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडे ने शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिले में हो रही दुर्घटनाओं को कम किए जाने, ब्लैक स्पॉट को कम से कम किए जाने, जनमान से ट्रैफिक नियमों का पालन किए जाने और घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में समय उपचार दिए जाने आदि विषयों पर एडीएम ने समीक्षा की। सभी अधिकारियों को सभी मार्गों पर सड़क सुरक्षा के लिए निर्धारित मानकों का पालन कराने, अधिक दुर्घटना वाले स्थान को चिन्हित कर स्थायी निराकरण किए जाने का निर्देश दिया। सघन चेकिंग के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक एपी सिंह, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड सत्यप्रकाश भारतीय, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी गुलाब चंद्र, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-4 शशिभूषण सिंह, सहायक अभियंता प्रांतीय खंड राहुल राय, बीईओ बेसिक शिक्षा तारकेश्वर पांडेय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### असहाय लोगों के लिए खोला मेडिकल सेंटर



**शक्तिचौरा, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड सोहावल क्षेत्र के अंतर्गत बरई कला स्थित भभूति मार्केट में गरीब एवं असहाय लोगों के लिए निशुल्क मेडिकल सेंटर डॉ. अमन यादव ने खोला है। उन्होंने बताया कि लोगों की समस्या को देखते हुए यह मेडिकल सेंटर खोला गया है। यहां गरीब, असहाय व विकलांग लोगों के लिए निशुल्क दवा का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर राघवेंद्र सिंह, अनूप, डॉ. धर्म सिंह, प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे।

### गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या पुलिस ने 12 सौ ग्राम अवैध गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाल पंकज सिंह ने



बताया कि 27 फरवरी की भोर में एक सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी करन शुक्ला निवासी परसपुर थाना परसपुर जनपद गोंडा को काशीराम कॉलोनी के आगे परिक्रमा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर चालान कर दिया गया।

# रौनाही टोल प्लाजा का सर्वर डाउन, हाईवे पर लगा जाम

## टोल वसूली प्रभावित होने पर रोका आवागमन ▪ एंबुलेंस सहित अन्य वाहन घंटों फंसे रहे, तीन घंटे बाद सामान्य हुआ यातायात

**सोहावल, अयोध्या।**

**अमृत विचार :** रौनाही टोल प्लाज़ा पर शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे सर्वर खराब होने के कारण टोल वसूली बाधित हो गई। जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। इसके चलते टोल के दोनों ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा गया। करीब तीन घंटे बाद नौ बजे सर्वर ठीक होने पर टोल वसूली शुरू हो सकी। इस दौरान जाम में फंसे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



रौनाही टोल प्लाजा पर लगा जाम। अमृत विचार

सर्वर डाउन होने से टोल वसूली प्रभावित हो गई। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग-27 की दोनों लेन पर आवागमन रोक दिया गया। जाम लगने के दौरान कई वाहनों में आपाधापी के कारण आपसी टकराव हुआ। दोपहिया व चार पहिया वाहनों ने रास्ता बदल दिया। इससे टोल के आसपास सटे गांवों में वाहनों की कतार दिखने लगी। कुछ वाहन चालक रास्ता भी भटक गए, जिससे उन्हें कई किमी. ज्यादा दूरी का सफर करना पड़ा। बस्ती से अपनी कार से लखनऊ जा रहे विकास मिश्र ने बताया कि उनकी बुजुर्ग मां कैंसर पीड़ित हैं। हालत बहुत खराब है, डॉक्टर से सुबह नौ बजे का समय दिया था। जाम में दो घंटे से फंसे हैं, अब समय पर पहुंचना मुश्किल है। अयोध्या से लखनऊ जा रहे मुनि प्रसाद ने बताया कि हाईकोर्ट में तारीख है, सुबह पांच बजे ही घर से निकला था। अब जाम में फंसा हूं।

> सर्वर डाउन होने के कारण भुगतान की प्रक्रिया बाधित हो गई थी। जिस वजह से कुछ देर के लिए वाहनों को रोका गया। सर्वर बहाल होने पर तुरंत वाहनों को निकाल दिया गया। **-मनीष सिंह, टोल मैनेजर।**

### एबुलेंस में कराहता रहा मरीज नहीं मिला आगे जाने का रास्ता

स्थानीय टोल मुक्ति मोर्चा के सदस्य अभिषेक सिंह, दीपक सिंह, राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि जाम के दौरान एंबुलेंस समेत कई आपातकालीन वाहन भी जाम में घंटों फंसे रहे। एक एंबुलेंस में मरीज दर्द से कराहता रहा, लेकिन टोल कर्मियों ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। बताया कि लोगों ने बार-बार टोल मैनेजर से वाहनों को छोड़े जाने की गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासी मुस्तकीम सिद्दीकी व मोहम्मद साबिर ने बताया कि नियमों के अनुसार किसी भी वाहन को टोल पर दो मिनट से अधिक नहीं रोका जाना चाहिए। तकनीकी खराबी की स्थिति में वाहनों को तत्काल आगे निकालना चाहिए था, लेकिन टोल कर्मियों की लापरवाही के कारण घंटों जाम की स्थिति बनी रही।

### क्षत्रियों की महापंचायत को लेकर बैठक

**पूराबाजार।** क्षेत्र के नारा गांव में राजेश सिंह के आवास पर सूर्यवंशी क्षत्रिय उत्थान समिति की बैठक की गई।इसमें 21 व 22 मार्च को राजेपुर में भगवान बक्श सिंह के तत्वावधान में होने वाली सूर्यवंश क्षत्रियों की महापंचायत की तैयारी की चर्चा की। समिति अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह ने कहा कि अयोध्या जिले में बसे सूर्यवंश क्षत्रियों को निमंत्रण स्वरूप तुलसी दल वितरित किया जा चुका है। बैठक में संगठन के महामंत्री लाल साहब सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रणधीर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जंग बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष संतोष सिंह, नरेंद्र सिंह, सुशील सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री संतोष कुमार सिंह, प्रधान रमेश सिंह, राजेश सिंह, नरसिंह सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## लीज पर होटल लेने के बाद खाली न करने का आरोप

**अयोध्या कार्यालय।**

● भवन स्वामी ने भाजपा नेता पर लगाया आरोप, उनके भवन में कराया जा रहा अनैतिक कार्य

**अमृत विचार :** भाजपा नेता द्वारा लीज पर होटल लेने के बाद अब वापस न करने का आरोप लगा है। पीड़ित का आरोप है कि उक्त भाजपा नेता उनके भवन में अनैतिक कार्य करा रहे हैं। खाली करने के नाम पर रौब दिखाकर उन्हें डरा धमका रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री समेत जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, पुलिस मामले में कोई शिकायत न मिलने की बात कह रही है।

गीता रमन भवन निकट रामप्रस्थ होटल कोतवाली अयोध्या निवासी पीड़ित शिवा सोनी ने बताया कि वह काम काज के सिलसिले में परिवार समेत मुंबई में रहते हैं। उन्होंने अयोध्या स्थित अपने आवास पर होम स्टे बनाने के लिए स्थानीय भाजपा नेता को 25 हजार रुपये दिए थे। एक महीने बाद उसने बताया कि अभी लाइसेंस बनने में समय लगेगा। इसके बाद उसने कहा कि तुम मुंबई में रहते हो तो ये भवन हमें लीज पर दे दो। मैं तुम्हें 80 हजार रुपये डिपॉजिट व 40 हजार रुपये मासिक किराया दूंगा। बताया कि इस भवन में कोई रहता नहीं था, इसलिए मैंने अपना फायदा जानकर उसे लीज पर भवन दे दिया। कुछ दिन पहले मुंबई से मेरे जान पहचान के लोग अयोध्या आए थे, मैंने उन्हें यहां रुकने के लिए कहा था। वह जब यहां आए तो फोन कर बताया कि यहां पर आपका नेम प्लेट हटा दिया गया है।

वह 25 फरवरी को परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे भवन में लगा सीसीटीवी बंद था। आरोप लगाया कि वहां से कुछ पुरुष व महिलाएं मुंह छुपाकर बाहर निकले तो उन्हें किसी अनैतिक कार्य का अंदेशा हुआ। इसका विरोध किया तो भाजपा नेता ने गाली गलौज करते हुए उन्हें भवन से बाहर निकाल दिया। आरोप लगाया कि इसके बाद वह उन्हें जबरन नयाघाट पुलिस चौकी लेकर गया। वहां पुलिस के सामने उसने रौब जमाते हुए उन्हें धमकी दी गई मकान कोई खाली नहीं करा सकता। इस संदर्भ में सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि इस संदर्भ में उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है। मिलने पर आरोपों की जांच कराई जाएगी।

### सीबीएसई : 10वीं के 24 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

**अयोध्या, अमृत विचार:** सीबीएसई परीक्षा के तहत जिले में शुक्रवार को सभी 13 परीक्षा केन्द्रों पर 10 वीं की कम्प्यूटर साइंस विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। सीबीएसई के जिला को-आर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि सीबीएसई पर्यवेक्षक की निगरानी में हुई नकल विहीन परीक्षा में जिले के 4500 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इस परीक्षा में जिले के 24 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर उड़ाका दल ने औचक निरीक्षण किया और कहीं भी कोई आपत्तिजनक मामला नहीं मिला। जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर शनिवार को 12 वीं की रसायन विज्ञान की परीक्षा सुबह साढ़े 10 बजे से होगी।

## चर्चित गैंगरेप केस में आरोपी सपा नेता मोईद खान जेल से रिहा

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार।** थाना पूराकलंदर के चर्चित गैंगरेप केस में आरोपी सपा नेता मोईद खान को न्यायालय द्वारा बरी करने के बाद वह शुक्रवार को जेल से रिहा हो गए। वह दोपहर अपने घर पहुंचे तो परिवार के लोग भावुक हो गए।

19 महीने बाद जेल से बाहर आने पर उन्होंने कहा कि मुझे न्यायपालिका पर भरोसा था। हमें न्याय मिला है। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संत आदमी हैं। वह इस तरीके का काम नहीं कर सकते। उन्हें झूठी खबर देकर भ्रमित किया गया। जल्द ही वह अपनी बेकरी को फिर से चालू करेंगे। यह हमारे बच्चों के रोजगार का साधन है। ध्यान रहे कि पॉक्सो कोर्ट की जज निरुपमा विक्रम ने 29 जनवरी को मोईद खान को दोषमुक्त कर दिया था। अब गैंगस्टर एक्ट में भी सपा नेता को जमानत मिल गई है। जबकि उसके नौकर राजू खान को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सनाई गई थी।



रिहा होकर घर पहुंचे सपा नेता मोईद खान व परिवार के साथ।

## दहेज हत्याकांड मामले में जेल में बंद पति बरी

**अयोध्या, अमृत विचार।** राम जन्मभूमि थाना क्षेत्र में नौ साल पहले कम दहेज लाने के मामले को लेकर विवाहिता पर केरोसिन डालकर जलाकर नृशंस हत्या करने के बहुचर्चित मामले में जेल में बंद आरोपी पति भूपेन्द्र पर अपराध साबित न होने पर कोर्ट ने दोष मुक्त कर दिया। यह फैसला विशेष न्यायाधीश फास्ट ट्रैक प्रथम प्रदीप कुमार ने वादी एवं गवाहों के बयान को सुनने के बाद शुक्रवार को सुनाया।

मामला जिले के थाना राम जन्मभूमि अन्तर्गत वशिष्ठ कुंड वार्ड का वर्ष 2017 का है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक कैलाश पुत्र राम अवध निवासी दोराही कुंआ थाना राम जन्मभूमि की पुत्री ममता की शादी घटना के डेढ़ वर्ष पहले हिन्दू रीति रिवाज के साथ भूपेन्द्र के साथ हुई थी। इस दौरान काफी दान दहेज भी दिया गया था। 7 सितम्बर 2017 की रात करीब 11 बजे वादी के दामाद ने केरोसिन डालकर ममता को आग के हवाले कर दिया था। मामले में नौ गवाह पेश किये गये थे। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी राम जन्मभूमि राजीव कुमार साव ने की थी और आरोप पत्र न्यायालय में दहेज हत्या की धारा में दाखिल किया था। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता राजदेव पांडे ने ने तर्क दिया कि आरोपी भूपेंद्र निर्दोष है। दहेज से कोई लेना देना नहीं है। आरोपित कई साल से जेल में है।

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष का स्वागत

**अयोध्या कार्यालय**

● संगठन के और सक्रियता के प्रति दोनों ने जताई प्रतिबद्धता

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी और महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव का शुक्रवार को कार्यालय सिविल लाइंस, हनुमानगढी अयोध्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह और रामनामी भेंट कर दोनों नेताओं का अभिनंदन किया। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अयोध्या जाकर रामलला व हनुमानगढी में दर्शन-पूजन किया।



हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन के बाद मौजूद भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव।

स्वागत समारोह में जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। कहा कि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करें, आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाएं।

कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि महानगर स्तर पर संगठन को और सशक्त बनाने के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाई जाएगी। कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं और उनके सहयोग से ही संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टीम भावना से कार्य करते हुए अयोध्या में पार्टी को और मजबूत बनाया जाएगा।

पार्टी के मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने कहा कि यह स्वागत केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन की एकजुटता और उत्साह का प्रतीक है। कहा कि नए नेतृत्व में संगठन और अधिक गतिशील होगा तथा पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाया जाएगा।

स्वागत करने वालों में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक रामचंद्र यादव, संजीव सिंह, अवधेश पांडे बादल, राघवेंद्र पांडे, कृष्ण कुमार पांडे खून्नू, अशोक कसौधन, शैलेंद्र कोरी, अमल गुप्ता, गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

### विधायक की पहल पर बढ़ा सामूहिक विवाह का बजट

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रुदौली विधानसभा क्षेत्र में एक बार फिर शहनाई बजने की तैयारी है। विधायक रामचंद्र यादव की मांग पर शासन ने योजना का बजट बढ़ा दिया है। अब मध्य मार्च में दोबारा सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके लिए करीब 1.5 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। 23 जनवरी को मवई क्षेत्र के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज मैदान, मांजनपुर में आयोजित कार्यक्रम में 127 जोड़ों का विवाह कराया गया था। सीमित बजट के कारण बड़ी संख्या में पात्र आवेदकों को शामिल नहीं किया जा सका था। विधायक ने मुख्यमंत्री व समाज कल्याण विभाग से बजट बढ़ाने का अनुरोध किया था, जिसे मंजूरी मिल गई है। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि क्षेत्र की गरीब बेटियों के विवाह में आर्थिक बाधा नहीं आने दी जाएगी। शासन स्तर पर सकारात्मक पहल से क्षेत्र के लोगों में उत्साह है। प्रशासन ने आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं।



रामचंद्र यादव रुदौली विधायक

## सफाई अभियान को लेकर बीडीओ ने की बैठक



व्यापारियों के साथ बैठक करते खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** ग्राम पंचायत जलालुद्दीन नगर के तहत पूरा बाजार में सफाई अभियान को लेकर खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह ने व्यापारियों के साथ पंचायत भवन पर बैठक की। बीडीओ ने कहा कि बाजार में स्वच्छता बनी रहे, इसमें सभी के सहयोग की आवश्यकता है। कहा कि कूड़ा एक जगह इकट्ठा हो और जब कूड़ा गाड़ी आए तो उसे उठा ले, जिससे बाजार की साफ सफाई बनी रहे। बैठक में एडीओ आईएसबी अवनीश शुक्ला, एडीओ पंचायत रविंद्र वर्मा, सचिव अजय सिंह, प्रधान प्रतिनिधि प्रशांत कमल ,नीरज सिंह, सौरभ सिंह, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राम चरित्र कसौंधन, मदन लाल सोनी, पवन गुप्ता, प्रमोद सोनी, बच्चा लाल सहित बाजार के लोग मौजूद थे।



पटरंगा थाना क्षेत्र में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में बोलते सीओ रुदौली आशीष निगम और मौजूद एसडीएम संतोष कुमार।

### सौहार्द के साथ मनाएं पर्व

**पटरंगा, अयोध्या अमृत विचार :** होली और रमजान के पर्वो को आपसी सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील करते हुए रुदौली पुलिस क्षेत्र के पटरंगा थाना में शुक्रवार को शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। रुदौली क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने लोगों से अपील की कि होलिका दहन की स्थलों पर यदि कोई समस्या आ रही है, तो अवगत कराएं। उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ने भी लोगों को होली एवं रमजान के पर्वो को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में मदन पाल, तरुण राज, सुनील मिश्रा, संजय कुमार सावन आदि मौजूद थे।

## साप्ताहिक बंदी का आदेश कागजों तक सीमित, खुली रहीं दुकानें

**गोसाईगंज, अमृत विचार:** कस्बे में साप्ताहिक बंदी का आदेश कागजों तक सीमित है। दुकानें खुली रही। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने वर्ष 2026 के लिए जारी निर्देशों में गोसाईगंज बाजार में प्रत्येक शुक्रवार को पूर्ण बंदी तय की है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है।

यहां शुक्रवार को बाजार की अधिकांश दुकानें सामान्य दिनों की तरह खुली रहती हैं। परचून, किराना, कपड़ा, अगरबत्ती और मसाला उद्योग समेत छोटे-बड़े कुटीर उद्योग संचालित हो रहे हैं। फुटकर दुकानदार भी बड़े व्यापारियों को दुकान खोलते देख अपनी दुकानें खोल लेते हैं, जिससे सामूहिक बंदी का उद्देश्य विफल हो जाता है। इसका सबसे अधिक असर दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों और मजदूरों पर पड़ रहा है। उन्हें साप्ताहिक अवकाश का लाभ नहीं मिल पा रहा। लगातार काम करना पड़ रहा है। स्थानीय जसवंत सिंह, राम पूजन सिंह,राजू सिंह, ओपी सिंह, सूर्य प्रकाश पाठक का आरोप है कि साप्ताहिक बंदी की निगरानी के लिए जिम्मेदार श्रम विभाग के अधिकारी बाजार में शायद नहीं दिखाई देते हैं। मिलीभगत की चर्चा भी है। जिसके कारण नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही।

व्यापार मंडल ने कई बार बंदी लागू कराने की कोशिश की, लेकिन बड़े दुकानदारों के असहयोग से प्रयास सफल नहीं हो सके। बंदी प्रभारी भूपेंद्र मिश्रा ने फोन पर बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ शीघ्र सख्त कार्रवाई की जाएगी।



बैठक को संबोधित करते समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल सागर। अमृत विचार

### सिंधी समाज अपनी सभ्यता व परंपरा के साथ मनाता सभी त्यौहार : कन्हैया

**अयोध्या, अमृत विचार :** देश-प्रदेश का सिंधी समाज अपनी सिंध प्रांत से चली आ रही सभ्यता व परंपरा के साथ होली ही नहीं सभी प्रमुख त्यौहार मनाता है। यह बात भक्त प्रहलाद सेवा समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल सागर ने रामनगर कॉलोनी स्थित पंचायती हाल में आयोजित बैठक में कही। कहा कि महिलाएं होली के दिन सिंधी स्वादिष्ट व्यंजन तैयार करती हैं, जिसमे रोट,गिहर,खीचा,कचरी प्रमुख है। समिति के पदाधिकारियों ने कुछ दिन पूर्व होलिका व होली मिलन के कार्ड का विमोचन किया था। समिति घर- घर जाकर निमंत्रण वितरित कर रही है। बैठक में राकेश तलरेजा, नारायण दास, रमेश मोटवानी, कन्हैया माखेजा, टीकम दास, राकेश वाधवानी, महेश आहूजा,सुरेश पंजवानी, लखमानी,सुरेश तलरेजा, शंकर केवलरामानी,हरीश सावलनी समेत समाज के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

राजनीति

त्यागी के जरिए डैमेज कंट्रोल, भविष्य के विधान सभा चुनाव पर नजर

# भाजपा संगठन के इतिहास में पहली बार दलित कार्ड

**राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या**

● महानगर में चली कूटनीतिक चालें, कमलेश को मिली कमान

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी संगठन में इस बार नया इतिहास रचा गया। पहली बार संगठन में किसी दलित बिरादरी के व्यक्ति को जिलाध्यक्ष बनाया गया। इसके जरिए अतीत के डैमेज कंट्रोल और भविष्य के विधानसभा चुनाव को साधने का प्रयास है। महानगर अध्यक्ष पद के लिए कूटनीतिक चालें चली गई। कमान लगातार दूसरी बार एक ही हाथ में बरकरार रही।

नामांकन के सवा साल बाद भाजपा में जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के नामों की घोषणा गुरुवार देर शाम प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने की। जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी को जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव को दोबारा इसी पद पर ताजपोशी कर दी गई। हालांकि यह चूक है या फिर सियासत लेकिन जारी पत्र में त्यागी को पासी बिरादरी का लिखा गया है जबकि वह कोरी बिरादरी से आते हैं। यह दोनों जातियां ही अनुसूचित जाति की ही हैं। कोरी बिरादरी के लोग भाजपा के करीब माने जाते हैं। अब मकसद चाहे लोकसभा चुनाव का डैमेज कंट्रोल हो या फिर त्यागी को जिलाध्यक्ष बनाकर कोरी बिरादरी में और गहरी पैठ बनाना।

लोकसभा चुनाव में पासी बिरादरी के वोटों को बैलेंस करने की रणनीति हो या जिले में पीडीए को झटका देना, लेकिन बसपा के बाद लगभग 25 साल से पार्टी में डटे राधेश्याम त्यागी के जरिए संगठन में लोकसभा चुनाव के डैमेज कंट्रोल और साल 2027 में विधानसभा चुनाव में दोबारा लोकसभा चुनाव का परिणाम न दोहराए जाने के रूप में ही देखा जा रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद हुए मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में त्यागी टिकट के दावेदार थे। टिकट वितरण के बाद उनकी नाराजगी दूर करने के लिए मंत्रियों और संगठन के लोगों को भी उनके घर जाना पड़ा था।

महानगर अध्यक्ष के लिए पूरे साल सबसे ज्यादा मारामारी रही। कुर्सी के लिए कूटनीतिक चालें खूब चली गई। एक धड़े के लोग दूसरे में दौड़ भाग करते रहे। घालमेल भी खूब चला। समझ पाना मुश्किल था कि कब कौन किसका करीबी हो जाएगा। नित नए नाम चर्चा में आ रहे थे। इनमें सियासत के बड़े सूरमा भी शामिल थे, लेकिन पार्टी हाईकमान ने दोबारा कमलेश पर विश्वास जताया और कुर्सी पर बैठा दिया। पूरे जिले में सांगठनिक दृष्टि से संतुलन बनाने की कोशिश की गई। किसी के करीब और दूर होने पर विराम लगाने की कोशिश की भी चर्चा है। लेकिन संगठन में परिणाम तो कुछ दिन बाद दिखाई पड़ेगा। हालांकि अपने दौरे पर आए प्रदेश अध्यक्ष ने विवि में आयोजित कार्यक्रम में चर्चा की थी कि राजनीति में मतभेद चला करते हैं लेकिन बात जब पार्टी की आए तो सभी को एक होना चाहिए। कार्यकर्ताओं के साथ हर स्तर पर खड़े होने की बात भी कही थी।

### उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक बन सकेंगे बीईओ

**अयोध्या।** उच्च प्राथमिक विद्यालयों और सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए वर्ष 2003 के पुराने शासनादेश को असंवैधानिक घोषित कर निरस्त कर दिया, जिससे दो दशकों से अधिक समय से रुकी हुई खंड शिक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नति की राह साफ हो गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि रिट याचिका संख्या 5943/2024 (अनिल बाजपेयी एवं अन्य बनाम उत्तरप्रदेश राज्य) में 25 सितंबर 2024 को दिए गए आदेश और अवमानना वाद संख्या 4792/2024 में 16 दिसंबर 2025 के निर्देश के अनुपालन में बेसिक शिक्षा निदेशालय ने तेजी से कार्रवाई शुरू की है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और संबंधित पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे पात्र प्रधानाध्यापकों/प्रधानाध्यापिकाओं की सूची निर्धारित प्रारूप पर तत्काल उपलब्ध कराएं, साथ ही उनकी सेवा पुस्तिका की प्रमाणित छाया प्रति भी संलग्न करें। उन्होंने बताया यह फैसला हजारों योग्य शिक्षकों के लिए कॅरिअर ग्रोथ का सुनहरा अवसर साबित होगा, क्योंकि अब उच्च प्राथमिक स्तर के प्रधानाध्यापक बीईओ बन सकेंगे।

### आरोग्य मंदिरों में आयुष्मान कार्ड बनने शुरु

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड मवई के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र जयसुखपुर में आयुष्मान भारत योजना के तहत विशेष अभियान 15 अप्रैल तक चलेगा। सीएचओ रत्ना सिंह ने बताया कि विशेष शिविर में अब तक 200 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे, इसके लिए स्वास्थ्य टीम लगातार प्रयासरत है। बताया कि केवल कैंप तक ही सीमित न रहकर स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर भी आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य कर रही है। निगरानी स्वयं सीएचसी मवई के प्रभारी डॉ. मदन बनरवाल कर रहे हैं।

**दया अवध लॉ कालेज, मोहम्मदपुर,** अमानीगंज, अयोध्या उ0प्र0

सम्बद्ध : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या उ0प्र0।

**में आवश्यकता है :-**

स्नातक स्तर पर **विधि संकाय के अन्तर्गत एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्राचार्य 01 पद तथा एल0एल0बी0 प्रवक्ता 9 पद**

योग्यता एवं वेतनमान- यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबन्धक**

**मो0नं0-9452322812**

# अयोध्या की सोनी ने लंबी कूद में जीता स्वर्ण पदक

**प्रथम प्रदेशीय इंडोर एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** उप्र एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में प्रथम इंडोर प्रदेशीय पुरुष-महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुक्रवार को डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में समारोह पूर्वक आगाज हुआ। मुख्य अतिथि जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी केके मिश्र व मंडलीय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने जिले में राज्य प्रतियोगिता आवंटित किए जाने पर प्रदेश संघ का आभार जताते हुए कहा कि निकट भविष्य में और भी बड़ी प्रतियोगिता आयोजन में जिला संघ तत्पर रहेगा। जिला सचिव परमेन्द्र सिंह ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उप्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।


प्रदेशीय इंडोर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि एथलेटिक्स के जिलाध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी व अन्य।

प्रतियोगिता के पहले दिन 11 स्पर्धाएं आयोजित हुईं। पहले दिन मेजबान अयोध्या की सोनी ने लम्बी कूद में स्वर्ण पदक जीत कर शानदार शुरुआत की। गोला क्षेपण पुरुष वर्ग में उत्कर्ष राजपूत शाहजहांपुर प्रथम, पुष्पेंद्र अलीगढ़ द्वितीय, संदीप वर्मा गाजीपुर तृतीय रहे। लंबीकूद में धर्मेंद्र बस्ती प्रथम, सौरभ कुमार अलीगढ़ द्वितीय, अमित सिंह रामपुर तृतीय रहे। लंबी कूद महिला में शिखा आगरा प्रथम, मोनिका मेरठ द्वितीय रहीं। अंडर-20 बालक वर्ग की लंबीकूद स्पर्धा में अभिषेक यादव इटावा प्रथम, प्रवीण कुमार अलीगढ़ द्वितीय, जय कुमार आगरा तृतीय रहे।

गोला प्रक्षेपण में आशीष सिंह शाहजहांपुर प्रथम, यश शुक्ला सुलतानपुर द्वितीय, सागर श्रीवास्तव औरैया तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद में अश्वनी कुमार अलीगढ़ व लंबीकूद बालिका में सोनी अयोध्या प्रथम रहीं। गोला क्षेपण बालिका में रूबी आगरा प्रथम, पूजा कुमारी बरेली द्वितीय रहीं। इस अवसर पर जिला संघ के संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह, सह आयोजन सचिव रोहित त्रिपाठी, निर्णायकों में अन्नू कुमार, एचके गुप्ता, गौरव, सिद्धार्थ, संदीप, समशाद हासमी, आकाश सिंह, सनी यादव सहित खेल प्रेमी व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# नौ दिनों में हाईस्कूल के 2800, इंटर के 3200 बच्चों ने छोड़ी परीक्षा

अयोध्या कार्यालय

● सख्त निगरानी और जीरो टॉलरेंस की नीति ने यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर दिया पारदर्शिता का संकेत

**अमृत विचार :** नौ दिन 18 से 26 मार्च तक चली यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में नकल पर पूरी तरह शिकंजा कसा गया। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में कुल मिलाकर नकल का एक भी मामला नहीं पकड़ा गया, जबकि सख्त निगरानी और जीरो टॉलरेंस नीति के चलते तीन केंद्र व्यवस्थापक नप गए।

आंकड़ों के अनुसार, नौ दिनों की अवधि में हाईस्कूल के लगभग 2800 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी, जबकि इंटरमीडिएट के करीब 3200 परीक्षार्थियों ने परीक्षा बीच में छोड़कर बाहर निकल गए। प्रशासन ने 115 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, फ्लाइंग स्क्वॉड, बाहरी निरीक्षक और ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था की थी। नकल रोकने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। शिक्षाविद अशोक पाठक कहते हैं कि यह परीक्षा योगी सरकार की 'नकल मुक्त बोर्ड परीक्षा' की मुहिम का सफल उदाहरण साबित हुई। सख्ती से परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रही। अब छात्रों को नकल के बिना मेहनत से सफलता पाने का संदेश मिला है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में निष्पक्ष ढंग से परीक्षा सम्पादित हो रही है। होली के अवकाश के बाद बड़ी परीक्षाओं का दौर शुरू होगा।

# विद्यार्थियों को बजट की मूल अवधारणा व विशेषताएं बताईं

● झुनझुनवाला बी.बी.ए.इंस्टीट्यूट में हुआ कार्यक्रम

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** प्रयागराज रोड स्थित झुनझुनवाला बी.बी.ए.इंस्टीट्यूट में शुक्रवार को 'बजट 2026–27- विकसित भारत की दिशा में एक निर्णायक कदम' विषयक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके शैक्षणिक सत्र में पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय के मुख्य प्रबंधक श्रवण देव पाठक और अधिकारी आशीष त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को बजट की मूल अवधारणा, उसके प्रकार, संवैधानिक विशेषताएँ तथा अर्थव्यवस्था पर उसके प्रभाव को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझाया।


संबोधित करते मुख्य प्रबंधक श्रवण देव पाठक।

वक्ताओं ने बताया कि बजट सरकार की वार्षिक आय-व्यय का अधिकृत विवरण है। जिसे संविधान के अनुच्छेद 112 के अंतर्गत प्रस्तुत किया जाता है। सत्र में राजस्व बजट, पूंजी बजट, राजकोषीय घाटा, पूंजीगत व्यय, एमएसएमई समर्थन, कृषि उत्पादकता, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

विद्यार्थियों ने बजट एवं अंतरिम बजट के अंतर, वित्त आयोग की भूमिका, कर सुधारों के प्रभाव और ऊर्जा सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। प्रश्नोत्तर सत्र अत्यंत संवादात्मक रहा, जिसमें विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का प्रभावी समाधान किया गया। कार्यक्रम में बी.बी.ए. की विभागाध्यक्ष डॉ. हुमा अफरोज, बीकॉम विभागाध्यक्ष डॉ. सीबी. सिंह, खुशबू सिंह, माला खत्री समेत अन्य मौजूद रहे।

# बैंकर्स लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति एवं जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व बैठक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निवेश मित्र पोर्टल की प्रगति, विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की स्थिति तथा उद्यमियों को समयबद्ध एनओसी, लाइसेंस जारी करने की समीक्षा किया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों एवं बैंकर्स को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करते हुए जनपद की रैंकिंग में और सुधार लाएं। बैंकों द्वारा प्राप्त, स्वीकृत एवं वितरित आवेदनों की स्थिति की समीक्षा में मुख्य विकास अधिकारी ने स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन एवं स्थानीय उत्पादों के संवर्धन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, सहायक आयुक्त उद्योग, अधिशाषी अभियंता विद्युत, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आदि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# युवाओं को सुरक्षा व नेतृत्व के लिए तैयार करेगा फायरिंग रेंज

● कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह व ब्रिगेडियर यूएस कांदिल ने कृषि विवि में किया फायरिंग रेंज का उद्घाटन

कुमारगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा परिसर में स्थित फायरिंग रेंज का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। ब्रिगेडियर यूएस कांदिल ने कहा कि यह फायरिंग रेंज युवाओं को सुरक्षा और नेतृत्व के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। फायरिंग रेंज में आधुनिक सुविधाएं और उपकरण हैं, जो युवाओं को प्रशिक्षित करने में मदद करेंगे।


कृषि विवि में फायरिंग रेंज का निरीक्षण करते प्रयागराज के ग्रुप कमांडर बिग्रेडियर यूएस कांदिल।

कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह, वित्त नियंत्रक नीरज श्रीवास्तव व एनसीसी प्रयागराज के ग्रुप कमांडर बिग्रेडियर यूएस. कांदिल ने नारियल फोड़कर पूजन फायरिंग रेंज का उद्घाटन किया। एनसीसी के कैडेटों ने ब्रिगेडियर व कुलपति को गार्ड ऑफ आनर दिया। अधिकारियों की निगरानी में एनसीसी कैडेटों ने फायरिंग का प्रशिक्षण लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि यह फायरिंग रेंज एनसीसी के उद्देश्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। युवाओं को टीम वर्क और नेतृत्व कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा। जिससे वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक साथ काम कर सकें। बताया कि वर्तमान में कृषि विवि में एनसीसी के कैडेट फायरिंग का प्रशिक्षण ले रहे हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. डी. नियोगी के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विवि के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. नवीन कुमार सिंह, कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सूद, सूबेदार मेजर बहादुर सिंह समेत समस्त अधिष्ठाता, निदेशक व कैडेट मौजूद रहे।

# परीक्षा देने जा रहे छात्र की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव के पास लखनऊ–बलिया राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में यूपी बोर्ड हाईस्कूल की गणित परीक्षा देने जा रहे एक परीक्षार्थी की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

सूक्खीपुर थाना अहरौला निवासी समीर (20) पुत्र नसीम और आकिब (19) पुत्र नसीर अहमद बाइक से परीक्षा केंद्र जा रहे थे। इसी दौरान इब्राहिमपुर के पास सामने से आ रही एक कार से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने समीर को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल आकिब को हायर सेंटर के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि दोनों छात्र रिसेंट पब्लिक इंटर कॉलेज गनवारा माहुल में कक्षा 10 के छात्र थे। उनका परीक्षा केंद्र जनता इंटर कॉलेज अम्बारी में निर्धारित था।

# होली पर चलेंगी 53 अतिरिक्त बसें

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में होली के त्योहार पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए परिवहन विभाग ने विशेष व्यवस्था किया है। अकबरपुर डिपो से 28 फरवरी से 9 मार्च तक विभिन्न प्रमुख शहरों के लिए 53 अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुगम यात्रा सुविधा प्रदान करना है। इन अतिरिक्त बसों को विभिन्न मार्गों पर चलाया जाएगा। जिनमें लखनऊ-आजमगढ़ मार्ग पर 30 बसें, कानपुर-बलिया के लिए 12 बसें और प्रयागराज-टांडा मार्ग पर सात बसें शामिल हैं। दिल्ली और अकबरपुर-गोरखपुर मार्ग पर भी दो-दो अतिरिक्त बसों का संचालन होगा। जिन मार्गों पर यात्रियों की संख्या अधिक होगी, वहां तत्काल बसें भेजी जाएंगी। सामान्य रूटों पर भी बसों का संचालन जारी रहेगा। डिपो को अपनी कुल बसों का 10 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि आपात स्थिति में उनका उपयोग किया जा सके। एआरएम हरिओम श्रीवास्तव ने बताया कि अकबरपुर डिपो में होली पर अतिरिक्त बसों के संचालन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवधि के दौरान चालक-परिचालकों के लिए एक प्रोत्साहन योजना भी लागू की गई है।

# कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** उप कृषि निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि किसान सब मिशन ऑन एग्रीकल्वर मैकेनाईजेशन एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्वर मैकेनाईजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ रेजिड्यू सीआरएम योजना के तहत विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों की बुकिंग बुधवार से शुरू होकर 04 मार्च तक की जाएगी। बुकिंग के लिए विभागीय दर्शन पोर्टल पर किसान कॉर्नर के अन्तगत यंत्र के लिए बुकिंग लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

सीआरएम योजना के तहत सभी प्रकार के फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 प्रतिशत एवं कस्टम हायरिंग सेंटर पर अधिकतम 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन के तहत कस्टम हायरिंग सेन्टर ग्रामीण उद्यमी हेतु, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर एसएमएस, पावर टीलर, पावर वीडर, आलू खुदाई मशीन, आलू बोने मशीन, चैफ कटर मानव रहित, स्ट्रा रीपर, मिनी राइस मिल, रोटावेटर, हैरो, कल्टीवेटर, ट्रैक्टर माउन्टेड प्रेयर, पैडी ध्मल्टीकाप थ्रेसर एवं कृषि ड्रोन आदि पर एससी-एसटी लघु एवं सीमान्त एवं महिला किसान के लिए अधिकतम अनुदान प्रति लाभार्थी प्रति यंत्र 50 प्रतिशत और अन्य किसान के लिए 40 प्रतिशत तथा फार्म मशीनरी बैंक 40 प्रतिशत अनुदान देय है। कृषि ड्रोन के लिए कृषि स्नातक एग्रीजक्शन, ग्रामीण उद्यमी और एफपीओ तथा फार्म मशीनरी बैंक के लिए एफपीओ लानार्थी होंगे।

## होली पर्व को लेकर ठेकमा चौकी पर शांति समिति की बैठक का किया गया आयोजन

**ठेकमा, आजमगढ़। अमृत विचार :** होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस चौकी ठेकमा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भूपेश पांडे (क्षेत्राधिकारी लालगंज) ने की। बैठक में थाना प्रभारी बरदह राजीव कुमार सिंह, चौकी प्रभारी ठेकमा राजेन्द्र पटेल, भाजपा नेता राजेश सरोज, भाजपा मंडल अध्यक्ष बरदह शरद राय, ग्राम प्रधान विश्वजीत विश्वकर्मा, करनैल कुमार, रामचेत चौरसिया सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, डीजे संचालक व अन्य सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। सीओ लालगंज ने उपस्थित लोगों से अपील की कि होली पर्व को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि डीजे संचालक निर्धारित समय व ध्वनि मानक का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी से प्रशासन का सहयोग करने तथा त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का आह्वान किया गया।


शांति समिति की बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति।

## चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को किया याद

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भीटी क्षेत्र के असगवां में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर राष्ट्रीय लोकदल रालोद मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शत्रुघ्न उर्फ सज्जन तिवारी ने कहा कि 27 फरवरी का दिन हम सभी के लिए प्रेरणा का दिवस है। आज ही के दिन महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनके साहस, देशभक्ति और त्याग को याद करते हुए हम सभी को राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को आजाद के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर बृजेश दूबे, डॉ. संदीप तिवारी, डॉ. अनिल पांडे, पवन तिवारी, दयाशंकर तिवारी, सूर्यभान सिंह, सूरज यादव, नंदन यादव, दीपक यादव, कैलाश प्रजापति, राजेश प्रजापति, घनश्याम वर्मा, श्रीकृष्ण शर्मा, सूर्यभान विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद करते राष्ट्रीय लोकदल रालोद मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न उर्फ सज्जन तिवारी व अन्य।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही अक्षम्य

जिला संवाददता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं, योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सीडीओ ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।


कलेक्ट्रेट सभागार में जिम्मेदारों के साथ बैठक करते सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला।

मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक के दौरान समीक्षा में पाया कि जनवरी माह में उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य डैसबोर्ड में जनपद की रैंक 4 है जिस पर संतोष व्यक्त किया और आगामी माह में भी डैसबोर्ड की रैंक में सुधार के लिए निर्देशित किया। जनपद स्तर पर रिक्त आशा, अर्बन आशा और आशा संगिनी के रिक्त पदों को भरे जाने का निर्देश दिया और बसखारी में दो आशाओं जो एएनएम प्रशिक्षण कोर्स पूर्ण कर पुनः आशा के रुप में कार्य करने के इच्छुक हैं उनको पुनः कार्य करने का निर्देश इस आधार पर दिया गया कि उनका पद रिक्त हो। रामनगर मकरहीं की आशा को निष्क्रिय किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के ऐसे उपकेंद्र जो सरकारी भवनों में संचालित हैं उन सभी का 1-2 माह में एनक्यूएएस से सर्टिफिकेशन के लिए निर्देशित किया। 30 वर्ष के ऊपर सभी जनमानस को एनसीडी स्क्रीनिंग के उपरान्त सभी को एनसीडी कार्ड अनिवार्य रुप से दिए जाने का निर्देश दिया। आरसीएच पोर्टल पर ब्लॉक जहांगीरगंज की स्थिति खराब होने के कारण बीपीएम को चेतावनी पत्र निर्गत किए जाने का आदेश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने जेएसवाई भुगतान की स्थिति खराब होने के कारण जलालपुर, जहांगीरगंज और भीटी के बीएएम का मानदेय बाधित करने का निर्देश दिया।

## एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन आज

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की विशेष योजना मिशन रोजगार के अंतर्गत जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 28 फरवरी को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन परिसर देव इन्द्रावती पीजी कॉलेज कटेहरी में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस रोजगार मेले में देश और प्रदेश की निजी क्षेत्र की लगभग 65 प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे, होंडा, टाटा मोटर्स, न्यू हॉलैंड, डिक्सन, वेल्स क्राफ्ट, एमआरएफ, मेंटलमैन, जोटो, सनटेक्स, जेबीएम ग्रुप आदि प्रतिभाग कर जनपद के बेरोजगार युवक और युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट उत्तीर्ण एवं अन्य उच्चतर योग्यता धारक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

# युवक की संदिग्ध हालात में मौत, दो पर केस दर्ज

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** भीटी थाना क्षेत्र के चाई पांडेय पूरा निवासी राजेश कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शुक्रवार सुबह आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों को समझा कर अंतिम संस्कार करवाया और दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मृतक की पत्नी सीता देवी के अनुसारए उनके पति राजेश निषाद निषाद नगर चौराहे पर स्थित मनोज कुमार निषाद की बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर काम करते थे। वह 25 फरवरी की सुबह घर से दुकान के लिए निकले थे। सीता देवी ने बताया कि उसी दिन देर शाम करीब 7:30 बजे मनोज और संतोष उनके पति को घायल अवस्था में घर लेकर आए। उन्होंने राजेश को चारपाई पर लिटाया और तबीयत खराब होने की बात कहकर दवा की थैली रखकर चले गए। कुछ ही देर बाद राजेश को तेज दर्द होने लगा और परिजन उन्हें तुरंत सीएचसी भीटी ले जाने लगे। हालांकि रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। भीटी थानाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर संतोष और मनोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## 116 मरीजों का हुआ मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**टांडा, अंष्बेडकरनगर। अमृत विचार।** एनटीपीसी टांडा परियोजना द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व सीएसआर के तहत शुक्रवार को महामाया राजकीय एलोपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सकीय एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का सफल समापन किया गया। बता दें कि यह शिविर 23 से 27 फरवरी तक आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों द्वारा जरूरतमंद मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। इस शिविर के दौरान कुल 116 मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज एवं ऑपरेशन किया गया। समापन अवसर पर टांडा परियोजना के कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा तथा रजनीश कुमार खेतान अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन उपस्थित रहे।


महाविद्यालय में मरीजों का हालचाल लेते कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा।

## बच्ची ने निगला चुंबक, एंडोस्कोपी से निकाला

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** टांडा में डॉक्टरों ने डेढ़ वर्षीय बच्ची की जान बचाई है। बच्ची ने खेलते समय चुंबक निगल लिया था, जो उसकी भोजन नली में फंस गया था। डॉक्टरों ने एंडोस्कोपी की मदद से चुंबक को सफलतापूर्वक बाहर निकाला। यह घटना टांडा के सकरावल मोहल्ले की है, जहां शाहिद की डेढ़ वर्षीय बेटी मरियम खेलते हुए चुंबक निगल गई। चुंबक निगलने के बाद बच्ची जोर–जोर से रोने लगी, जिससे परिजन घबरा गए। परिजनों ने आनन–फानन में बच्ची को अकबरपुर–टांडा मार्ग पर स्थित पूर्वांचल मेडिसिटी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल व कैंसर केयर ले गए। अस्पताल पहुंचते ही तत्काल एक्सरे किया गयाए जिसमें चुंबक भोजन नली में फंसा हुआ स्पष्ट दिखाई दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत ऑपरेशन थिएटर तैयार कराया।

**तैयारी** — प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की किया समीक्षा, अधिकारियों को त्योहारों पर विशेष सतर्कता बरतने का दिया निर्देश

# पात्रों को योजनाओं से करें लाभांवित : गिरीश चंद्र

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण व जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने शुक्रवार को विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा किया। प्रभारी मंत्री ने केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शासन की मंशा के अनुरूप कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने और हर स्तर पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की भी समीक्षा की गई।


समीक्षा बैठक करते प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव व साथ में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर।

प्रभारी मंत्री ने जनपद में संचालित 108 एवं 102 एम्बुलेंसों के फिटनेस की नियमित जांच कराने और निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार सत्यापन कराने तथा उसमें ऑक्सीजन एवं अन्य समस्त सुविधाओं की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता सुनिश्चित करने और जन सामान्य तक सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तीनों किस्तों के भुगतान के स्थिति की समीक्षा में अवशेष किस्तों को समय से अवमुक्त करने और आवास के प्रत्येक लाभार्थी को शौचालय से आच्छादित करने के निर्देश दिए।

## भाजपा कोई जातिवादी पार्टी नहीं : मंत्री

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भाजपा की ओर से जारी जिलाध्यक्षों की सूची में जातियों का नाम लिखे जाने पर कहा कि भाजपा कोई जातिवादी पार्टी नहीं है। जिसका जो नाम है, वह लिखना पड़ेगा। भाजपा का नारा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास। भाजपा का एक ही उद्देश्य है देश शक्तिशाली हो और आर्थिक व्यवस्था सबसे मजबूत हो। प्रभारी मंत्री ने पत्रकार अभिषेक मालवीय की मौत के मामले में जांच के आदेश दिए हैं। पत्रकार अभिषेक मालवीय ने बीते दिनों शहर के बसखारी मार्ग स्थित एस हॉस्पिटल में हार्निया का ऑपरेशन कराया था। अस्पताल से डिस्चार्ज करने के बाद अभिषेक की तबीयत बिगड़ गई थी। जिसके बाद परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के एक निजी अस्तपताल में भर्ती कराया। जहां पर बीते 25 फरवरी को उनका निधन हो गया था। विभिन्न संगठनों की ओर से इस मामले में जांच की मांग की जा रही थी। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि जांच कमेटी गठित की गई है, मामले की जांच कराई जाएगी।

## शासन के लक्ष्य के अनुरूप बनाएं समूह

प्रभारी मंत्री द्वारा फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार कराए जाने और अभियान चलाकर केसीसी लाभार्थी कृषकों का फसल बीमा कराए जाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने जनपद के अवशेष समस्त ग्राम पंचायतों में विद्युत सखी का चयन एवं प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें क्रियाशील किए जाने और जनपद में शासन के लक्ष्य के अनुरूप समूह बनाए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 12 हजार से अधिक समूहों का गठन किया जा चुका है, इसके अतिरिक्त शासन के निर्देशानुसार 12000 नए समूहों का गठन किया जा रहा है, जिसके लिए प्रत्येक में 1000 समूह का गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसके अनुरूप कार्य किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बीडीसी आशुतोष की हत्या में आरोपी जगन्नाथ की जमानत खारिज

सुलतानपुर, अमृत विचार : गोसाईगंज थानाक्षेत्र में बहुचर्चित बीडीसी सदस्य आशुतोष मिश्र हत्याकांड में फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश राकेश ने आरोपी जगन्नाथ यादव की जमानत अर्जी पर सुनवाई पूरी करते हुए उसे खारिज कर दिया। अभियोजन के अनुसार 2 जुलाई 2019 को पाण्डेयपुर सुरौली गांव में हुए इस जघन्य घटना में धारदार हथियारों व अवैध असलहे से लैस आरोपियों ने आशुतोष मिश्र पर घातक हमला कर उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। गोसाईगंज थानाक्षेत्र के पाण्डेयपुर सुरौली निवासी शिवशंकर मिश्र ने गांव के जगन्नाथ यादव, राजेश पांडेय, संजय, श्रीकान्त पाण्डेय, सुनील यादव, सुरेन्द्र यादव व रज्जन यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

### परदेस जाने से पहले बुझ गया घर का चिराग

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के रवानिया गांव निवासी 23 वर्षीय विपिन पांडेय रोज़गार के सिलसिले में बाहर जाने वाले थे, लेकिन सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई। गुरुवार की शाम वह टांडा-रायबरेली मार्ग पर सेमरी बाजार से बुलेट बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह बिरईपुर गांव के बिझूरी मोड़ के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक महिला से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में महिला व विपिन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने विपिन की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। शुक्रवार को इलाज के दौरान विपिन ने दम तोड़ दिया।

# अपहरण व दुष्कर्म में 10 वर्ष की कैद

## पॉक्सो कोर्ट ने दोषी पर 15 हजार का अर्थदण्ड लगाकर पीड़िता को देने का दिया आदेश



विधि सवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः अमेठी जिले के कमरौली थानाक्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण व दुराचार करने के आरोप में विशेष पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने शुक्रवार को आरोपी साहिल को 10 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने दोषी पर 15 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है। कोर्ट ने अर्थदण्ड की सम्पूर्ण रकम बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है।

विशेष लोक अभियोजक विवेक सिंह के मुताबिक 1 जनवरी 2022को दर्ज हुए केस मे पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि वह काम से बाहर गया था शाम को घर आने पर पता चला कि उसकी पुत्री कही चली गई है। तहरीर पर दर्ज हुए केस में बाद में पीड़िता ने बताया आरोपी उसे बहला-फुसलाकर दिल्ली ले गया था जहां पर उसने उसके साथ दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाकर करनी की सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया।

### किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म के दोषी को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाई 10 साल की कैद

- कोर्ट ने साढ़े 11 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया

संवाददाता, सुलतानपुर : कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के एक गांव में 9 साल पूर्व 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के दोषी इशितखार अहमद उर्फ गुड्डू को फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय न्यायाधीश विजय गुप्ता की अदालत ने शुक्रवार को 10 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर साढे 11 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक अभिषेक त्रिपाठी के मुताबिक 4 अप्रैल 2017 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी को आरोपी ने बंधक बनाकर दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की तथा अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे के दौरान पेश किए गये आठ गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर दोषी इशितखार अहमद कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

### देव यादव हत्याकांड में 10 मार्च को तय होगें आरोप

- सेशन कोर्ट ने जेल से तलब करने का दिया आदेश

संवाददाता, सुलतानपुर : अमेठी जिले के थानाक्षेत्र मुंशीगंज के ग्राम पूरे मुराईन मजरा गरथोलिया निवासी संजय कुमार द्वारा पुत्र देव यादव की हत्या मामले में दी गई तहरीर पर पंजीकृत मुकदमे की न्यायिक प्रक्रिया महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुँच गई है। मामले की विवेचना में जेल में निरुद्ध आरोपित सत्यम यादव उर्फ रंगा व उसके साथी आशीष यादव के विरुद्ध हत्या समेत अन्य आरोप में 10 मार्च को सेशन जज सुनील कुमार की अदालत में आरोप तय होगें। जिला जज ने आरोपियों को जेल से तलब करने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष से डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक 06 अक्टूबर 2025 की रात्रि डीजे कार्यक्रम के दौरान देव यादव को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद दोनों आरोपियों को 11 अक्टूबर 2025 को लठहापुर पुल से अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। मृतक के पिता संजय कुमार की तहरीर पर मुंशीगंज थाने के ग्राम पूरे ढखान मौजा गरथोलिया निवासी सत्यम यादव उर्फ रंगा व ग्राम पूरे कन्हई कुटीवा मजरे नोहरेपुर निवासी आशीष यादव के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया गया था।

### चार सह आरोपियों की डिस्चार्ज अर्जी पर अब 12 मार्च को सुनवाई

- पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष से जुड़ा मामला

फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने समेत अन्य आरोपों से जुड़े मामले में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमा देवी के मामले में सहदृआरोपी सगे भाई लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी द्वारा दाखिल डिस्चार्ज (उन्मोचन) अर्जी पर शुक्रवार को एसीजेएम चतुर्थ भव्या श्रीवास्तव कक अदालत में सुनवाई नहीं हो सकी।

अदालत ने अगली तिथि नियत करते हुए अब 12 मार्च को सुनवाई तय की है। परिवादी घनश्याम सोनी की तहरीर पर आरोप है कि तत्कालीन अध्यक्ष चन्द्रमा देवी व सहदृआरोपियों ने अनुचित लाभ के उद्देश्य से फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर लाभ दिलाने का प्रयास किया था।उधर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमा देवी की ओर से दाखिल निगरानी अर्जी पर सुनवाई नही हुई। एडीजे चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर ने सुनवाई के लिए 28 मार्च की तारीख नियत की है।

### चिकित्सक हत्याकांड में अभियोजन की बहस पूरी, बचाव पक्ष की जारी

संवाददाता, सुलतानपुर : चर्चित चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में शुक्रवार को आरोपी अजय नारायण सिंह की ओर से अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बहस पूरी की, जबकि अभियोजन की तरफ से संतोष पांडेय ने अपनी दलीलें रखीं। आरोपी दीपक सिंह की ओर से अब 6 मार्च को बहस होगी। एडीजीसी पवन दूबे पहले ही अपनी बहस पूर्ण कर चुके हैं। यह मामला 23 सितंबर 2023 की उस घटना से जुड़ा है, जिसकी रिपोर्ट शास्त्री नगर निवासी वादिनी निशा तिवारी ने दर्ज कराई थी। मामले में चार आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल हुई थी, जिनमें से विजय नारायण सिंह और जगदीश नारायण सिंह की विचारण के दौरान मृत्यु हो चुकी है। वर्तमान में अजय नारायण सिंह और दीपक सिंह के खिलाफ विचारण जारी है तथा बहस की प्रक्रिया लगातार आगे बढ़ रही है।

### ऑनलाइन रिफंड के नाम पर खाते से उड़ाए 95 हजार रुपये

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पंत स्टेडियम के पास रहने वाले अधिवक्ता सुरेन्द्र नाथ पांडेय ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर बताया कि वह सात अक्टूबर 2025 को फ्लिपकार्ट से एक किलो घी का ऑर्डर 640 रुपये में किया था। डिलीवरी न मिलने पर 14 अक्टूबर की रात गूगल से कस्टमर केयर नंबर खोजकर कॉल किया। आरोप है कि खुद को कंपनी कर्मचारी बताने वाले शख्स ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए कुछ एप इंस्टॉल कराए। अगले दिन जब वह अपने बैंक की शाखा पहुंचे तो पता चला कि खाते से 90 हजार और पांच हजार रुपये निकाले गए हैं। जिस पर वह तत्काल बैंक हेल्पलाइन और साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी पर विधिक कार्यवाही की मांग की है तहरीर पर कोतवाली नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## किसान सम्मान निधि के 22वीं किश्त का भेजा गया डाटा

संवाददाता, सुलतानपुर

- 3,81,947 किसानों का गया है डाटा, पैसा कब आएगा साफ नहीं

अमृत विचारः केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त को लेकर किसान इंतजार में हैं। कृषि विभाग ने 3,81,947 किसानों का डाटा निदेशालय को भेज दिया है, लेकिन किश्त जारी होने की तिथि अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। विभागीय अधिकारी भी भुगतान की संभावित तारीख बताने में असमर्थ दिखे।

गौरतलब है कि 21वीं किश्त में जिले के 3,85,491 किसानों को लाभ मिला था, जबकि इस बार करीब चार हजार किसानों की संख्या कम हो गई है। ऐसे में कई किसानों के नाम सूची से बाहर होने की आशंका जताई जा रही है।

एक ओर प्रदेश सरकार ने होली पर्व को देखते हुए सरकारी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान 28 फरवरी तक करने के निर्देश दिए हैं, वहीं किसान सम्मान निधि की किश्त को लेकर कोई स्पष्ट घोषणा नहीं हुई है। इससे किसानों में निराशा देखी जा रही है। उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव ने बताया कि किसानों का डाटा निदेशालय को भेजा गया है, 22वी किश्त कब मिलेगी इसकी जानकारी नहीं मिली है।

## सुलतानपुर डाकघर ने रचा कीर्तिमान

संवाददाता, सुलतानपुर



अनिल तिवारी को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित।

- प्रदेश में पाया पहला स्थान, 61 कर्मचारियों का हुआ सम्मान, 1.11 करोड़ रुपये का व्यवसाय दर्ज

अमृत विचारः प्रधान डाकघर सुलतानपुर में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मठ कर्मचारियों एवं ग्रामीण डाक सेवकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुलतानपुर डाक मंडल ने प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में डाक अधीक्षक राजेश तिवारी, सहायक डाक अधीक्षक दक्षिणी प्रकाश चन्द्र तिवारी, डाक निरीक्षक अनिल तिवारी, सोनू पांडेय एवं आदर्श जायसवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रेमनारायण, द्वितीय स्थान पारसनाथ यादव तथा तृतीय स्थान दिलीप तिवारी ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त भाईं डाकघर के पोस्टमास्टर अनिल कुमार तिवारी, सोनू पांडेय, संगीता सिंह, रामसुरेमन गुप्ता, रश्मि तिवारी सहित कुल 61 कर्मचारियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना के अंतर्गत सुलतानपुर मंडल द्वारा कुल 1 करोड़ 11 लाख रुपये का व्यवसाय अर्जित किया गया, जो प्रदेश में सर्वाधिक रहा। इस उपलब्धि पर अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण और उत्साह के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर निकाली प्रभात फेरी

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः शहीद चंद्रशेखर आज़ाद के 95वें बलिदान दिवस के अवसर पर आजाद समाज सेवा समिति द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई तथा विभिन्न शहीद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

इसके उपरांत बस स्टेशन स्थित चंद्रशेखर आज़ाद प्रतिमा, बस स्टेशन सुलतानपुर के समक्ष एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव ने कहा कि रामचरितमानस की तर्ज पर एक "बलिदान चरित्र मानस" भी लिखा जाना चाहिए, जिससे शहीदों के त्याग और राष्ट्रभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचे। संस्था के उपाध्यक्ष गिरीश तिवारी उर्फ बब्लू ने नगर में शहीदों की स्मृति में एक पुस्तकालय बनाए जाने की मांग करते हुए कहा कि इससे नई पीढ़ी को उनके बलिदानों से प्रेरणा मिलेगी। विचार गोष्ठी में संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शराफत खान, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गौड़, विजय यादव तथा अजय कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे और शहीदों के त्याग को स्मरण करते हुए राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया गया।

# भाकियू ने कलेक्ट्रेट घेराव का दिया अल्टीमेटम

संवाददाता, सुलतानपुर



भाकियू की महापंचायत में बनी आंदोलन की रणनीति। • अमृत विचार

- जिला स्तरीय किसान महापंचायत का आयोजन किया गया

अमृत विचारः जयसिंहपुर तहसील प्रांगण में जिला स्तरीय किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत की अध्यक्षता अयोध्या मंडल अध्यक्ष अनूप वर्मा ने की।

महापंचायत में मुख्य रूप से उपस्थित उपाध्यक्ष पंडित रुपेश शुक्ला ने कहा कि अब वह समय आ गया है जब किसानों को शासन-प्रशासन के खिलाफ संगठित होकर संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है और बार-बार लिखित शिकायत देने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी किसान नेताओं और किसानों से संवाद नहीं कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि शीघ्र ही जनपद स्तर पर किसान जनजागरण अभियान चलाकर कलेक्ट्रेट घेराव की घोषणा की जाएगी।

प्रदेश सचिव अजय सिंह ने कहा कि जनपद की इकलौती चीनी मिल को सरकार द्वारा बेचने की तैयारी की जा रही है, जिसका भारतीय किसान यूनियन विरोध करेगी और इसके लिए सभी किसान संगठनों को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष राम विशाल मौर्य ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष देवशरण वर्मा, कार्यक्रम आयोजक एवं जयसिंहपुर तहसील अध्यक्ष लाल जी शुक्ला, सदर तहसील अध्यक्ष गया प्रसाद, मध्य उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, रमेश शर्मा, जिला प्रवक्ता धर्मराज त्यागी, कूरेभार ब्लॉक प्रभारी अजय शंकर पांडे, जिला महासचिव बाबूराम वर्मा सहित विमला देवी, चंपा देवी एवं अनीशा बानो समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महापंचायत के समापन पर जयसिंहपुर के उपजिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर किसानों का मांग-पत्र लिया और एक सप्ताह के भीतर निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर व तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता में कैरियर की अपार संभावनाएं

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : सीताकुंड स्थित राधा रानी के.के. इंटरमीडिएट कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को "कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं भविष्य का करियर विषय पर एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व, उसके बढ़ते प्रभाव तथा भविष्य में उपलब्ध करियर अवसरों के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय की प्रधानाचार्या विंदू श्रीवास्तव ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा उनका परिचय प्रस्तुत किया। कार्यशाला में कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सुलतानपुर से पधारे डॉ. यूके महेश्वरी, प्रोफेसर वंदना प्रकाश श्रीवास्तव एवं प्रोफेसर अनुपम वर्मा उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक संदीप कुमार श्रीवास्तव भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2009 व अनुक्रमांक नं0– 0435843 का मूल प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **आकांक्षा मिश्रा पुत्री धुपदेह मिश्रा निवासिनी – बी–2 ब्रहमपुरी, इन्दिरा नगर, लखनऊ।**

**सूचना**

मैने अपना नाम FATIMA से बदलकर FATEMA HUSAINI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **D/O-HUSAINI ALI ADD-108/190, MODEL HOUSE, TALAB GANGI SHUKLA,GPO, PS-KAISARBAGH DIST-LUCKNOW-226001(U.P)**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र पंकज कुमार पुत्र स्व0 रामचन्द्र निवासी उपरोक्त को उसके खराब चाल–चलन व अमर्यादित व्यवहार, मारपीट व गाली गलौज करने के कारण उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी अनुचित कृत्य व लेन–देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **राजेश्वरी पत्नी स्व0 रामचन्द्र निवासिनी– ग्राम ढखवा थाना व परगना व तहसील मलिहाबाद, लखनऊ।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम राजेश कुमार पुत्र श्री रामभरोसे, निवासी बैशोली अड्डा, अछल्दा तहसील बिधूना, जनपद औरैया है। मेरे आधार कार्ड संख्या 7298 9473 6059 में त्रुटिवश मेरा नाम राकेश कुमार अंकित हो गया है, जबकि मेरे समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य अभिलेखों में मेरा सही नाम राजेश कुमार दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम राकेश कुमार को संशोधित कर राजेश कुमार पुत्र श्री रामभरोसे किया जाए।

## 104 क्विंटल से अधिक राशन हजम कर गया कोटेदार

- पूर्ति निरीक्षक ने उचित दर विक्रेता पर दर्ज कराई एफआईआर

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः कुड़वार ब्लॉक की जूडूपुर ग्राम पंचायत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। जांच में 100 क्विंटल से अधिक खाद्यान्न गायब मिलने पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए उचित दर विक्रेता मो फहीम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है।

यह कार्रवाई ग्राम प्रधान पवन यादव व ग्रामीणों की शिकायत के बाद की गई। प्रधान व ग्रामीणों ने जिला पूर्ति अधिकारी से शिकायत कर आरोप लगाया था कि विक्रेता हर महीने 20 तारीख के बाद राशन वितरण करता है और कई कार्डधारकों को समय पर खाद्यान्न नहीं मिलता। शिकायत पर जिला पूर्ति अधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक कुड़वार से जांच कराई।

### डीएम के निर्देश पर हुई रिपोर्ट

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने मामले की जानकारी डीएम को दी। डीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने उचित दर विक्रेता के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और अन्य उचित दर विक्रेताओं में भी खलबली देखी जा रही है।

### जांच में खुली पोल

24 फरवरी 2026 को पूर्ति निरीक्षक मयंक चतुर्वेदी के नेतृत्व में टीम ने दुकान का औचक निरीक्षण किया, लेकिन दुकान बंद मिली। बाद में विक्रेता ने बताया कि दुकान में स्टॉक नहीं है। उसने आरोप लगाया कि उसके छोटे भाई मोहम्मद इस्माइल, जो पहले वितरण का कार्य देखते थे, ने खाद्यान्न बेच दिया। फहीम ने यह भी स्वीकार किया कि फरवरी माह में ई–पॉस मशीन पर लाभार्थियों के अंगूठे के निशान तो लिए गए, लेकिन स्टॉक न होने के कारण राशन का वास्तविक वितरण नहीं किया गया।

### नहीं मिला स्टॉक रजिस्टर

जांच के दौरान जब स्टॉक रजिस्टर मांगा गया तो विक्रेता ने बताया कि वह रजिस्टर बनाता ही नहीं है। अभिलेखों के अनुसार दुकान में 40.458 क्विंटल गेहूं, 94.302 क्विंटल चावल और 0.36 क्विंटल चीनी मौजूद होनी चाहिए थी। भौतिक सत्यापन में लगभग 30.50 क्विंटल चावल ही मिला। इस प्रकार 40.458 क्विंटल गेहूं, 63.802 क्विंटल चावल और 0.36 क्विंटल चीनी कम पाई गई।

### कालाबाजारी की पुष्टि

जांच में यह पुष्टि हुई कि अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को नियमानुसार राशन वितरण नहीं किया गया। आरोप है कि मुनाफाखोरी के उद्देश्य से खाद्यान्न को खुले बाजार में बेचा गया। विक्रेता ने यह भी बताया कि मार्च माह का 34 क्विंटल चावल 17 फरवरी को दुकान में पहुंचा था, जबकि गेहूं अभी नहीं आया है।

## गेहूं खरीद की तैयारी पूरी लक्ष्य पर संशय बरकरार

- सात एजेंसियों के बनाए गए 86 क्रय केंद्र

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : विपणन वर्ष 2026–27 के तहत जिले में गेहूं खरीद की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। खाद्य एवं रसद विभाग ने सात खरीद एजेंसियों के माध्यम से कुल 86 क्रय केंद्र स्थापित किए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 35, यूपीएसएस के 14, पीसीयू के आठ, पीसीएफ के 22, नैफेड के दो, मंडी समिति का एक तथा भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के चार केंद्र शामिल हैं। सरकार ने इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 150 रुपये अधिक है। समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों को अपनी उपज का बेहतर दाम मिलने की उम्मीद है। हालांकि, अब तक जिले को गेहूं खरीद का कुल लक्ष्य निर्धारित कर अवगत नहीं कराया गया है। जिससे अधिकारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं, गेहूं खरीद के लिए 17 मार्च से 15 जून तक की अवधि तय की गई है। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि सभी क्रय केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। किसानों को समय से भुगतान और पारदर्शी खरीद सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां की जा रही हैं, ताकि अभियान शुरू होते ही किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र मेराज अहमद के चाल चलन से काफी परेशान हूं। वह आये दिन विवाद करता है। जिसके चलते अपने बेटे को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य का परिवार के लोगों से कोई मतलब नहीं है। वह स्वयं जिम्मेदार है। **खदरू पुत्र लालू निवासी ग्राम काशीजोत, थाना व तहसील पयागपुर, जनपद बहराइच, यूपी।**

**बेदखली सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र महेन्द्र उर्फ सुरेन्द्र को उसके खराब आचरण व मुझको व मेरे परिवार को प्रताड़ित करने के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन–देन के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **श्रीलाल पुत्र गनपत निवासी ग्राम पलहीपुर परगना मीरानपुर तहसील सदर, थाना– कोतवाली नगर जिला– सुलतानपुर।**

होली की आहट | परम्परा पर भारी पड़ रही आधुनिकता, ढोल मंजीरों की जगह अब बज रहे हैं कानफोड़ू डीजे

# फगुआ की थाप हुई धीमी, डीजे के शोर में गुम हुई होली की मिठास

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

अमृत विचारः रंगों के त्योहार होली की आहट के साथ ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। अबीर-गुलाल, पिचकारियों और रंग-बिरंगे परिधानों से दुकानें सज चुकी हैं। खेतों में लहलहाती फसलों पर भी सुनहरापन चढ़ने लगा है। परंतु इस बार भी गांवों की गलियों में वह पारंपरिक फगुआ की गूंज सुनाई नहीं दे रही, जो कभी होली के दस दिन पहले से ही माहौल को रंगीन बना देती थी।होलिका दहन के अवसर पर नवान्न पकाकर ग्रहण करने की परंपरा आज भी निभाई जाती है, लेकिन फगुआ गीतों की सामूहिक बैठकी, ढोलक और झाल की थाप पर गूंजते जोगिरा अब विरले ही सुनाई देते हैं। कभी "होली खेले रघुवीरा अवध में" और "जोगिरा सारारारा" जैसे गीतों से गांव की गलियां गूंज उठती थीं। ढोलक की थाप सुनते ही बच्चे, बुजुर्ग और युवा घरों से निकल पड़ते थे। जोगिरा के बीच-बीच में "वाह भाई वाह" और "सत्य है जी" की हुंकार माहौल में उत्साह भर देती थी।

महिलाएं भी पीछे नहीं रहती थी। वे समूह बनाकर फाग गातीं "नकबेसर कागा ले भागा, सैंया अभागा न जागा" जैसे लोकगीतों की मधुर धुन से पूरा वातावरण सरस हो उठता था। कहीं "झलकिया मारौ गे हीरिया" तो कहीं बटगमनी की तान से होली की रंगत परवान चढ़ती थी।



जोगिरा में सवाल-जवाब की होड़ रहती थी, कभी-कभी फूहड़ता भी होती थी, लेकिन मनों में कोई राग-द्वेष नहीं होता था। प्रेम और सौहार्द्र की भावना से लोग एक-दूसरे को रंग लगाते और गले मिलते थे।समय के साथ जीवनशैली में आए बदलाव ने त्योहारों के स्वरूप को भी बदल दिया है। डीजे के तेज शोर और फिल्मी गानों के बीच पारंपरिक लोकधुनों की मिठास कहीं दब सी गई है। अब न गलियों में हुलियारों की टोली नजर आती है, न दरवाजों पर बैठकी की महफिलें सजती हैं। लोगों का कहना है कि पहले होली कई दिनों तक जी जाती थी, अब त्योहार का एहसास केवल एक दिन तक सिमट कर रह गया है।ग्रामीण बुजुर्गो का मानना है कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि भाईचारे और मेल-मिलाप का प्रतीक है। परंपराओं के कमजोर पड़ने से सामाजिक जुड़ाव भी प्रभावित हो रहा है। होलिका दहन की पुरानी रौनक और फगुआ की सामूहिक संस्कृति के अभाव में होली का उल्लास फीका पड़ता दिख रहा है।

फिर भी उम्मीद कायम है कि नई पीढ़ी लोक परंपराओं की महत्ता को समझेगी और फगुआ की थाप एक बार फिर गांव की गलियों में गूंजेगी। आखिर होली प्रेम, सौहार्द्र और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का पर्व है, जिसे जीवंत रखना समाज की साझा जिम्मेदारी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने छोटे पुत्र अमित चौहान की समाज विरोधी आदतों, नशे की आदत, एवं गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कार्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **मोहन लाल चौहान पुत्र स्व0 बाबूराम निवासी– चौक शहजादपुर, परगना व तहसील– अकबरपुर, जनपद– अम्बेडकरनगर, उ0प्र0।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने छोटे पुत्र शिवा को उसके गलत चालो चलन, अनैतिक क्रिया कलापों, व गलत कुकृत्यों से कारण अपने समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई लेना–देना, वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **रामनरेश पुत्र जगदेव निवासी– ग्राम बख्तियार नगर परगना व तहसील मलिहाबाद, जनपद– लखनऊ।**

**सूचना**

कुलदीप पुत्र राम औतार **निवासी ग्राम गाजू तहसील संडीला** ने भारतीय जीवन बीमा निगम में बीमा कराया था। जिसमे मेरा नाम रजनीश कुमार लिखा है जबकि मेरा आधार कार्ड पैन कार्ड एवं अन्य अभिलेखों में कुलदीप कुमार दर्ज है दोनों नाम मेरे है दोनों नाम से मुझे जाना एवं पहचाना जाता है मेरे गांव में मेरे नाम का और कोई नहीं है।

**सूचना**

सूचित हो कि, मैं Mohd Arman Khan पुत्र Mohd Ibrar Khan, निवासी:– म.न. एच एन 536/1/154, मदेगंज, निरालानगर, लखनऊ उत्तर प्रदेश–226020 का हूँ, मेरा पूरा सही नाम Mohd Arman Khan हैं, पहले मेरा नाम हाई स्कूल सर्टिफिकेट एवं पासपोर्ट में Arman Khan था, जिसे मैंने बदलकर Mohd Arman khan कर दिया हैं, जो कि मेरे सारे दस्तावेजों आधार, पैन कार्ड में अंकित हैं, अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम Mohd Arman Khan S/o- Mohd Ibrar Khan दर्ज किया जाये। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

# टेढ़ी को मिलेगा पुनर्जीवन, बहाल होगा नदी का प्रवाह

- रंग लाई नेचर क्लब की मुहिम, सरयू नहर परियोजना के नीचे बनेगा साइफन
- नौ किमी सर्वे के बाद तैयार डिजाइन, टेढ़ी नदी को उद्गम से जोड़ने की तैयारी

संवाददाता गोंडा


गोंडा में टेढ़ी नदी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** करीब छह दशकों से दो हिस्सों में बंटी टेढ़ी नदी अब फिर से अपने उद्गम से जुड़ने की राह पर है। नेचर क्लब की मांग पर सिंचाई विभाग ने सरयू नगर परियोजना की तरबगंज शाखा (मुख्य नहर, बहराइच) के नीचे साइफन (लंब छिन्नक) बनाने की पहल शुरू कर दी है। विभाग ने साइफन का डिजाइन तैयार कर लिया है और निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। साइफन के माध्यम से टेढ़ी नदी अपने उद्गम स्थल चित्तौड़ झील से जुड़ जायेगी और नदी का प्रवाह एक बार फिर से बहाल हो जायेगा। टेढी के इस पुनर्जीवन से इसके किनारे बसे लाखों को फायदा पहुंचेगा। दरअसल सरयू नगर परियोजना की मुख्य नहर बनने के बाद टेढ़ी नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो गया था, जिससे नदी लगभग 60 वर्षों से दो टुकड़ों में बंटी हुई थी। इसका असर नदी के उद्गम से लेकर आगे के प्रवाह क्षेत्र तक साफ दिखाई देता रहा है। अब साइफन के माध्यम से नदी को नहर के नीचे से पार कराते हुए उसके मूल स्रोत से जोड़ा जाएगा, जिससे उसका प्राकृतिक प्रवाह बहाल हो सकेगा।

### नौ किमी का सर्वे, डिजाइन तैयार

नदी के उद्गम से नहर तक लगभग 9 किलोमीटर क्षेत्र का सर्वेक्षण कराया गया। सर्वे के आधार पर अब साइफन का तकनीकी डिजाइन तैयार कर लिया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, निर्माण से पूर्व चित्तौड़ झील से नहर तक नदी की बदहाल धारा को भी दुरुस्त किया जाएगा, ताकि जल प्रवाह निर्बाध रूप से आगे बढ़ सके। साइफन बनने से टेढ़ी नदी एक बार फिर अपने उद्गम चित्तौड़ झील से जुड़ सकेगी। इससे नहर से हरिहरपुर (बहराइच) तक सूखे पड़े हिस्से में भी जल प्रवाह सुधरेगा। पर्यावरणविदों का मानना है कि इससे क्षेत्र की जैव विविधता, भूजल स्तर और स्थानीय पारिस्थितिकी को भी लाभ मिलेगा।

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नेचर क्लब ने "टेढ़ी बहती रहना" नाम से नदी की पैदल यात्रा आयोजित की थी। यात्रा के बाद क्लब ने सिंचाई विभाग से औपचारिक रूप से मांग की कि नहर के नीचे साइफन डालकर नदी को उसके उद्गम से जोड़ा जाए। प्रारंभ में विभाग ने यह कहते हुए प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया था कि परियोजना पूर्ण हो चुकी है। हालांकि, लगातार पत्राचार और प्रयासों के बाद मामला मुख्य अभियंता, सिंचाई विभाग, लखनऊ के संज्ञान में पहुंचा। इसे नॉन-आईजीआरएस श्रेणी में लेकर प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई और सर्वेक्षण के निर्देश दिए गए।

## नाबालिग साली को लेकर फरार हुआ जीजा

**तरबगंज, गोंडा :** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह में ससुराल आया जीजा नाबालिग साली को लेकर फरार हो गया है। शिकायत ससुर ने थाने पर की है पीड़ित ने बताया की गुरुवार को घर में लड़के की शादी समारोह था। समारोह में शामिल होने के लिए उनका दामाद राजेश दूबे भी पहुंचा था। आरोप है कि शाम को जब बारात चली गई तो वो भी मोटरसाइकिल से बारात जाने के लिए चला लेकिन रास्ते से वापस घर आ गया और अपनी नाबालिग साली को लेकर चला गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल गई छात्रा लापता केस दर्ज, जांच शुरू

**तरबगंज, गोंडा :** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग छात्रा गुरुवार को तरबगंज के महाराजा देवीबक्स सिंह इंटर कालेज में परीक्षा देने गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन की गई लेकिन कहीं पता नहीं चल पा रहा है जबकि स्कूल में भी नही गई। परीक्षा भी छोड़ दी है थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया की परिजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### पुलिस चौकी में हुई पीस कमेटी की बैठक

**रुपईडीह, गोंडा :** आगामी होली पर्व को क्षेत्र में शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए कौड़िया के प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम यादव की देखरेख में शांति समिति की बैठक पुलिस चौकी आर्यनगर पर आयोजित की गई। इस बैठक में उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आगामी होली पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए विवादों के बारे में चर्चा करते हुए होली में ऐसा कार्य न करने की सलाह दी। चौकी प्रभारी राजीव कनौजिया, रामकरण चौबे, कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, राजेश सोनी वीरेंद्र शास्त्री, अमित कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

**खरगुपुर, गोंडा :** बाबू बच्चा सिंह स्मारक इण्टर कालेज देवरिया कलाँ भटपुरवा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, गीत, कविता, मंचन, फैशन शो सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि विजय प्रताप सिंह उर्फ तिरपन सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित किया। अंत में प्रतिभाशी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कवीन्द्र प्रताप सिंह, प्रबंधक रवींद्र कुमार सिंह, भूपेन्द्र कुमार सिंह, रोहित तिवारी प्रधानाचार्य, देवेन्द्र कुमार सिंह, राघवेन्द्र कुमार सिंह, यशोदानंद शुक्ल, अशोक सिंह, एसपी सिंह, पंकज सिंह व दिनेश भारती समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### फंदे पर लटकाने से हुई थी छात्रा की मौत

**खरगुपुर, गोंडा :** रजनपुर इच्छा पुरवा गांव में हुई छात्र की मौत फंदे पर लटकने से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। खरगुपुर थाना क्षेत्र के रजनपुर इंछापुरवा के कंपोजिट विद्यालय रजनपुर के कक्षा 6 के छात्र गुलशन वर्मा (14) का शव बुधवार शाम को घर से 400 मीटर दूर सरसों के खेत में आम के पेड़ से लटका मिला था। छात्र गुलशन घर से लकड़ी काटने निकला था। मां सीता की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। बाबा हनोमान ने किसी रंजिश से इनकार किया था।

# विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने पर जोर

## जिला पंचायत सभागार में विधायकों की मौजूदगी में हुई जिला स्तरीय योजनाओं की समीक्षा

संवाददाता गोंडा


समीक्षा बैठक के बाद दिव्यांगजनों को ट्राई-साइकिल देते जनप्रतिनिधि व सीडीओ।


स्वंय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल पर खरीदारी करतीं सीडीओ।

**अमृत विचार:** जिला पंचायत सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री ने की। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष समेत सदर, तरबगंज, कटरा बाजार व गौरा के विधायक भी शामिल हुए। बैठक में जनपद एवं विधानसभा क्षेत्रों में संचालित विभिन्न विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा विकास कार्यों में पारदर्शिता व समयबद्धता पर जोर किया गया। बैठक के दौरान विभागवार योजनाओं की वर्तमान स्थिति, निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि, कार्यों की गुणवत्ता तथा समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। समिति अध्यक्ष रमापति शास्त्री ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विकास योजनाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करें, ताकि आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए प्रगति की नियमित निगरानी पर भी जोर दिया। तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडेय, कटरा विधायक बावन सिंह, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह व गौरा विधायक प्रभात वर्मा ने भी अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित विकास कार्यों की स्थिति पर सुझाव एवं आवश्यक बिंदु रखे। समीक्षा बैठक के बाद जन प्रतिनिधियों ने दिव्यांग जनों को ट्राईसाइकिल का वितरण भी किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### स्वंय सहायता समूह की महिलाओं ने लगाए स्टॉल

होली के दृष्टिगत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने विकास भवन परिसर में स्टॉल लगाया है। इन स्टालों पर समूह की महिलाओं के तरफ से बनाए गए कई तरह के स्वदेशी उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने इन स्टॉल्स का शुभारंभ किया।इस दौरान सीडीओ ने खरीदारी भी की। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत गठित इन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने हर्बल रंग, गुलाल ,चिप्स, पापड व अन्य कई तरह के उत्पाद बिक्री के लिए रखा है।

## पुजारी की बेटी बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर



**गोंडा, अमृत विचार :** प्रतिभा और परिश्रम के दम पर बेटी ज्योति पाण्डेय ने एक बार फिर साबित कर दिया कि लक्ष्य के प्रति समर्पण से सफलता अवश्य मिलती है। हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक आचार्य, भूगोल (असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योग्राफी) परीक्षा के घोषित परिणाम में ज्योति पाण्डेय ने 24वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। मनकापुर क्षेत्र के दतौली गांव निवासी पंडित बच्चन लाल पांडेय की पुत्री ज्योति पाण्डेय की इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनके पिता मनकापुर स्थित आईटीआई परिसर के हनुमान मंदिर में मुख्य पुजारी हैं। राहुल शुक्ला, उमंग मिश्रा, राम देव मिश्रा, लाल मुन्ना पांडेय, राम दीन प्रधान, शिव कुमार, नीरज तथा पूर्व अध्यक्ष संगमलाल द्विवेदी, आलोक मिश्रा, महेश तिवारी, बलराम बाबू शुक्ला, संदीप तिवारी, रमेश चौबे, करुणानिधान, अंकित, आशुतोष पाठक और प्रमोद तिवारी सहित दर्जनों लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

## पेयरिंग कार्यक्रम में छात्रों ने साझा किए अनुभव


पेयरिंग कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा :** मनकापुर स्थित स्व. जगदंबा सिंह भानुमती सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज में कंपोजिट विद्यालय महेवा गोपाल के 40 विद्यार्थियों का एक दिवसीय 'पेयरिंग कार्यक्रम' आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिषदीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच शैक्षिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, अनुभव साझा करना तथा सीखने के वातावरण को सुदृढ़ बनाना रहा। विज्ञान प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं स्मार्ट कक्षाओं का निरीक्षण कर बच्चों ने आधुनिक शिक्षण पद्धतियों की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद आइस-ब्रेकिंग गतिविधियों के माध्यम से दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच परिचय सत्र आयोजित किया गया, जिससे आपसी झिझक दूर हुई और संवादात्मक वातावरण बना। इस दौरान सामूहिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम में भोला प्रसाद यादव, नजर मोहम्मद, संतोष शर्मा एवं देव प्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहे।

## किसान सम्मान निधि दिलाने के बहाने करवा लिया बैनामा

**तरबगंज, गोंडा :** तरबगंज तहसील में फर्जी बैनामे का मामला सामने आया है, जिसमे एसपी के आदेश पर तीन लोगो पर खड़यंत्र व धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के तपस्वी छावनी मार्ग पर अहिराना रामघाट निवासी रीना यादव ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायतीपत्र मे आरोप लगाया की हमारे पति रामसजीवन रोजी रोटी के सिलसिले में पंजाब प्रांत के लुधियाना शहर में रहते है। वह अपने ससुर सम्यदीन जो 85 वर्ष के है उनके व तीन बच्चो के साथ घर पर रहती है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कटरा भोगचंद निवासी सुभाष यादव, नवाबगंज के ही तुलसीपुर माझा गांव निवासी कालीप्रसाद यादव व अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के अहिराना गांव निवासी राघवराम यादव किसान सम्मान निधि दिलाने का बहाना बनाकर उसके ससुर सम्मयदीन को तरबगंज ले गए जहां जमीन गाटा सं.241/0.1860हें.को खड़यंत्र कर धोखाधड़ी से बैनामा करवा लिया है। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया की पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीन लोगो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# हादसे में मां-बेटे की मौत से उजड़ी शुभम की दुनिया

फॉलोअप

**मनकापुर, गोंडा:** टिकरी जंगल के पास हुए भीषण सड़क हादसे ने एक ही परिवार की दो पीढ़ियों को हमेशा के लिए छीन लिया। दादी की मौत के सदमे से उबर भी नहीं पाए परिजन कि जिंदगी से जंग लड़ रहे एक वर्षीय मासूम युगवर्धन की भी मौत हो गयी। देर रात लखनऊ के पीजीआई ट्रामा सेंटर में मासूम ने अंतिम सांस ली, और इसके साथ ही पूरे परिवार की दुनिया जैसे उजड़ गई। यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ था जब परिवार गुरुवार को अयोध्या से बच्चे का इलाज कराकर वापस लौट रहा था। टिकरी जंगल के पास अचानक सामने आए बंदरों के झुंड को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई थी। इस हादसे में कार चालक शुभम साहू, उनकी मां लक्ष्मी देवी (65) और एक वर्षीय मासूम युगवर्धन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते ही लक्ष्मी देवी ने दम तोड़ दिया था। वहीं जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे मासूम युगवर्धन को पहले गोंडा के निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे देर रात लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों की उम्मीदें आखिरी सांस तक टिकी रहीं, लेकिन रात करीब 11 बजे मासूम की सांसें भी थम गईं। जैसे ही यह खबर परिवार तक पहुंची, चीख-पुकार से माहौल गूंज उठा और हर आंख नम हो गई।उधर, गुरुवार रात पोस्टमार्टम के बाद लक्ष्मी देवी का शुक्रवार को अंतिम संस्कार अयोध्या में किया गया। घायल बेटे शुभम साहू ने कांपते हाथों से अपनी मां को मुखाग्नि दी। वहीं, दूसरी ओर चचेरे भाई ने अपने कलेजे के टुकड़े मासूम युगवर्धन को नम आंखों से अंतिम विदाई दी। एक ही आंगन में दादी और पोते की अर्थियां उठीं तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें छलक पड़ीं। परिजनों ने बताया कि अभी एक सप्ताह पहले ही घर में मांगलिक कार्यक्रम की खुशियां गूंज रही थीं, लेकिन इस आकस्मिक हादसे ने उन खुशियों को मातम में बदल दिया। हंसी-खुशी से भरा घर अब सन्नाटे में डूबा है। एक ही परिवार में दादी और पोते की मौत से परिजन काफी मर्माहत हैं।

## तालाब में उतराता मिला श्रमिक का शव



**नवाबगंज, गोंडा :** पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पैतृक आवास के सामने स्थित तालाब में एक श्रमिक का शव उतराता मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान रजवन पुरवा निवासी झगरू पुत्र दरबारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार झगरू बीती 24 तारीख की शाम गांव में निमंत्रण देने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिवार के लोगों ने उसकी काफी तलाश किया,लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के तालाब में उसका शव उतराता देखा तो पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

## बंदरों के आतंक से दहशत में ग्रामीण

**करनैलगंज, गोंडा :** क्षेत्र के करुआ पाण्डेय पुरवा समेत आसपास के कई मजरे इन दिनों बंदरों के आतंक से त्रस्त हैं। आए दिन हो रहे हमलों से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। कई लोग घायल हो चुके हैं। कोतवाली करनैलगंज के पाण्डेय पुरवा निवासी सुरेश पाण्डेय पर उस समय बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया, जब वह घर से बाग की ओर जा रहे थे। अचानक घेरकर उन्हें जमीन पर गिरा दिया गया। इससे पहले मुकेश व राहुल समेत कई अन्य युवक भी हमले में घायल हो चुके हैं।

## अधिवक्ता हत्याकांड में दो और गिरफ्तार

**करनैलगंज, गोंडा :** हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुभाष मिश्र की हत्या के मामले में पुलिस ने विवेचना के दौरान प्रकाश में आए दो अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अब तक चार नामजद व तीन जांच में सामने आए कुल सात आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि अधिवक्ता सुभाष मिश्र हत्याकांड में पीड़ित पक्ष की ओर से घटना में कुछ अन्य लोगों की संलिप्तता की जानकारी दी गई थी। जांच के दौरान जिन नामों का उल्लेख हुआ, उनमें सुदई पुरवा निवासी चंदन मिश्र व ब्रजेश कुमार मिश्र का नाम प्रकाश में आया। दोनों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।


आंचलिक विज्ञान नगरी के भ्रमण के दौरान मौजूद विद्यार्थी और शिक्षक। अमृत विचार

## बच्चों ने समझे सौरमंडल और जैव विविधता के रहस्य

**गोंडा, अमृत विचार :** विकासखंड बेलसर के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं ने एक्सपोजर विजिट के तहत आंचलिक विज्ञान नगरी का शैक्षिक भ्रमण किया। खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को विज्ञान एवं पर्यावरण से जुड़ी व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। विज्ञान नगरी में बच्चों ने सौरमंडल और जैव विविधता के रहस्यों को समझा। भ्रमण के दौरान एआरपी एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण, जैव विविधता, कृषि, मृदा के प्रकार एवं संरक्षण, सामाजिक परिवेश, पक्षियों व मछलियों के जीवन चक्र एवं उत्तरजीविता, वृक्षारोपण एवं संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। केओएस के माध्यम से दुग्धमेखला और सौरमंडल सहित विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं को मॉडल और प्रदर्शनों के जरिए समझाया गया। इस अवसर पर कमलेंद्र चौबे, अश्वनी पांडे, प्रदीप मिश्रा, अवनीश पांडे, जितेंद्र पांडे, यशवंत पांडे, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, शिवपूजन सिंह, राधेलाल, सत्यव्रत वर्मा, पुष्कर तिवारी, अनिल मिश्रा, दीनानाथ यादव, अनूप सिंह, शान मोहम्मद, बिट्टू सिंह, विपुल मिश्रा, सुधीर सिंह, नीलम कौशल, पूजा मिश्रा, संध्या देवी, डिंपी सिंह, रीता यादव, राकेश कुमार, मनोज कुमार आदि रहे।

## चौपाल लगाकर महिलाओं को किया गया जागरूक

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** शुक्रवार को जिले में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। एण्टी रोमियो स्क्वायड टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में गांव, कस्बों और सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया। महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं एवं छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपायों तथा कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। टीमों ने उनकी व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवागमन के दौरान आने वाली परेशानियों पर चर्चा कर समाधान का भरोसा दिलाया। महिलाओं से फीडबैक फॉर्म भी भरवाए गए, जिनके आधार पर संवेदनशील एवं हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया। सार्वजनिक स्थलों पर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए गए मनचलों को एण्टी रोमियो स्क्वायड द्वारा रेड कार्ड जारी कर कड़ी चेतावनी दी गयी।


समीक्षा बैठक करते अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय। अमृत विचार

## प्रभावी पैरवी को लेकर एएसपी ने की समीक्षा

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** एएलुी पश्चिमी राधेश्याम राय ने पुलिस कार्यालय सभागार में न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के समस्त पैरोकार, कोर्ट मोहर्रिर, शमन सेल एवं मॉनीटरिंग सेल के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित केसों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कर अधिकाधिक दोषसिद्धि प्राप्त करना तथा प्राचीनतम वादों के निस्तारण के लिये कार्ययोजना तैयार करना रहा। सेशन न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा की गई।गंभीर अपराध, महिला एवं बाल अपराध, संगठित अपराध, गैंगस्टर, गुंडा एक्ट, एनडीपीएस व अन्य विशेष अधिनियमों से संबंधित मामलों में विशेष पैरवी के निर्देश दिए गए। एएसपी पश्चिमी ने प्राचीनतम वादों की श्रेणीवार सूची तैयार कर साप्ताहिक समीक्षा करने, प्रत्येक तिथि पर पैरोकार की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अभियोजन अधिकारियों से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

## अबीर-गुलाल संग निकाली निशान शोभायात्रा


निशान शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** शुक्रवार सुबह रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से सतरंगी निशान शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा अग्रसेन चौराहे से होते हुए साहबगंज स्थित नूरामल मंदिर और बड़गांव पुलिस चौकी मार्ग से होकर पुन: श्री श्याम मंदिर पहुंची, जहां भक्तों ने बाबा खाटूश्याम जी के चरणों में निशान अर्पित कर दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पहली बार राजस्थान प्रांत के सूरजगढ़ से लाया गया विशेष निशान शोभायात्रा में शामिल हुआ, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। यात्रा के दौरान श्याम प्रेमी "मोर छड़ी को झाड़ो तू लगवा कर देख ले", "डोरी खींच के निशान", "हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं" जैसे भजनों पर भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए।निशान शोभायात्रा में जनपद सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए। कार्यक्रम में अनिल मित्तल, सुरेश भावसिंहका, सुशील पचेरिया, अंकित लवी, शलभ गर्ग, पुनीत बंसल, अजय अग्रवाल, आशीष भावसिंहका, गोविन्द जालूका, विमलेश सिंघल, दिवाकर सोमानी, नितेश मित्तल, महिला मंडल अध्यक्ष मीना अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, नीलम जैन, पूनम मित्तल, नीतू गर्ग, प्रेमलता सिंघल, पूजा केडिया, प्रिया भावसिंहका सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अकबाल बहादुर भाजपा के नए जिलाध्यक्ष

गोंडा कार्यालय


अकबाल बहादुर तिवारी का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** छह महीने के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार भाजपा ने बृहस्पतिवार को अपने जिलाध्यक्ष की घोषणा कर दी। पुराने कार्यकर्ता अकबाल बहादुर तिवारी को पार्टी का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वह पहले भी दो बार जिलाध्यक्ष की कुर्सी संभाल चुके हैं। हालांकि वर्ष 2023 में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाकर उन्हे 6 साल के लिए पार्टी से निष्काषित कर दिया गया था लेकिन प्रदेश नेतृत्व ने अब एक बार फिर से उनके नाम पर मोहर लगाते हुए उन्हें जिले की कमान सौंपी है। अकबाल बहादुर तिवारी पार्टी के पुराने कार्यकर्ता होने के साथ साथ बेहद अनुभवी और योग्य माने जाते हैं। अकबाल बहादुर के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह, प्रतीक भूषण सिंह, प्रेम नरायन पांडेय, अजय सिंह, विनय द्विवेदी, बावन सिंह, प्रभात वर्मा, व रमापति शास्त्री आदि ने बधाई दी।

**संगठन के भरोसे पर खरा उतरने का करुंगा प्रयास:** भाजपा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर अकबाल बहादुर तिवारी ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया और कहा संगठन ने मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी के सभी पुराने एवं नए कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर पार्टी के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए नानाजी देशमुख

**बालपुर, गोण्डा:** दीनदयाल शोध संस्थान जयप्रभाग्राम में भारत रत्न नानाजी देशमुख जी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाई गई। नानाजी कुटी में उनके चित्र एवं प्रतिमा पर सभी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. आशीष पाण्डेय ने नानाजी के ग्रामोदय एवं स्वावलंबन के विचारों को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। डॉ. सुधांशु ने उनके त्याग, समर्पण एवं राष्ट्रसेवा के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नानाजी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। डॉ. अभिषेक मिश्रा ने शिक्षा, कृषि एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया। कार्यक्रम में संतोष तिवारी, विनय श्रीवास्तव, डा. अभिषेक, नन्दू, सरिता, अतुल मिश्रा, मोहन सहित संस्थान के सभी विभाग प्रमुख, एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## महिला समेत परिवार पर हमला सात नामजद

**करनैलगंज, गोंडा :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोरिनपुरवा पतिसा में इस्लाम अपने परिवार के सदस्यों परीना, बदरुन्निसा, खुशबू, रेशमा और मेराज के साथ ई-रिक्शा से बालपुर बाजार जा रहे थे। आरोप है कि जैसे ही रिक्शा गांव निवासी हजरत अली के घर के सामने पहुंचा, वहां मौजूद आरोपियों ने रास्ता रोक लिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस दौरान रिक्शा में बैठी गर्भवती महिला रेशमा के पेट पर सामिन और जुबेर ने लात मार दी, जिससे उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### कार-बाइक की भिड़ंत में चार लोग घायल

**करनैलगंज, गोंडा :** कटरा बाजार-करनैलगंज मार्ग पर ग्राम खजुहा के पास शुक्रवार को कार और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर कर दिया। कार सवार सोनी रस्तोगी निवासी देवीदयाल तिराहा, बलरामपुर से करनैलगंज की ओर आ रहे थे उधर, रमपुरवा भंभुआ निवासी हरिकुमार (26) अपने मामा केसरी (65) व उनकी बेटी प्रियंका (17) निवासी बनगांव, कटरा बाजार को बाइक से उनके घर छोड़ने जा रहे थे।खजुहा पेट्रोल पंप के समीप दोनों वाहनों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार समेत कार चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

### हादसे में घायल भाजपा कार्यकर्ता की मौत

**नवाबगंज, गोंडा :** थाना क्षेत्र के नवाबगंज गिर्द के नवडिहवा मजरा निवासी रविंद्र कुमार उर्फ रवि दूबे की शुक्रवार को लखनऊ में उपचार के दौरान मौत हो गई। वह बुधवार को नील गाय को बचाने के चक्कर में हादसे का शिकार हो गए थे। वह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता थे। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। रवि के निधन पर मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री, केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह के प्रतिनिधि कमलेश पांडे ने शोक व्यक्त किया है।

# स्वास्थ्य व पोषण योजनाओं की समीक्षा में डीएम सख्त

संवाददाता बलरामपुर



बैठक में मौजूद डीएम और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला पोषण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित हुई, जिसमें जनपद में संचालित स्वास्थ्य व पोषण योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम ने गुणवत्ता, पारदर्शिता और लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश देते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित योजनाओं का शत-प्रतिशत फेस रिकॉग्नाइजेशन सत्यापन सुनिश्चित कराने को कहा। पोषाहार वितरण नियमित व समयबद्ध हो, इस पर विशेष जोर देते हुए सभी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी के रूप में विकसित करने तथा कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र से जोड़ने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य समिति की समीक्षा में आशा भुगतान, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत, वीएचएसएनडी, परिवार नियोजन व आभा आईडी की प्रगति पर चर्चा हुई। मातृ एवं शिशु मृत्यु मामलों की ऑडिट रिपोर्ट पर डीएम ने गहन समीक्षा कर सुधारात्मक रणनीति बनाने को कहा। साथ ही अवैध नर्सिंग होम बंद कराने, निजी अस्पतालों में सीसीटीवी अनिवार्य करने व प्रसव संबंधी डाटा नियमित लेने के निर्देश दिए। उत्कृष्ट आशाओं को प्रोत्साहन तथा लापरवाह कर्मियों पर कार्रवाई की बात भी कही गई। बैठक में सीडीओ, मुख्य चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य विभाग का छापा, 4 अवैध क्लीनिक सील

**पचपेड़वा, बलरामपुर:** जिलाधिकारी के आदेश व मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध क्लीनिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कई प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने जुड़ी कुइया क्षेत्र में संचालित क्लीनिकों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान मानक पूरा न करने और गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर डॉ. आशमा परवीन के शाद क्लिनिक एंड जच्चा-बच्चा केंद्र, डॉ. राहत जहाँ के अकबरूननिशा पॉलिक्लिनिक एंड जच्चा-बच्चा केंद्र, डॉ. उबैदूर रहमान के एसके हेल्थ केयर एंड जच्चा-बच्चा केंद्र तथा डॉ. राज कुमार के सारा फ्रैक्चर क्लिनिक को सील कर दिया गया। मैक्स पैथोलॉजी सेंटर का निरीक्षण कर नोटिस जारी किया गया। टीम ने बताया कि कई केंद्रों पर साफ-सफाई व आवश्यक मानकों का अभाव मिला। छापेमारी में डॉ. बी.पी. सिंह, डॉ. अजय शुक्ला, अधीक्षक डॉ. विजय कुमार व डॉ. अरविंद कुमार शामिल रहे।



अवैध अस्पताल सील करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए नानाजी देशमुख

**पचपेड़वा, बलरामपुर :** दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित महाराणा प्रताप ग्रामोदय इंटर कॉलेज, इमिलिया कोडर में भारत रत्न नानाजी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार शुक्ला एवं शिक्षकगणों ने नानाजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ "हर हाथ में होगा काम, हर खेत में होगा पानी" ग्रामोदय गीत गाकर उन्हें याद किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा नानाजी के विचार "हम अपने लिए नहीं, अपनों के लिए हैं" आज भी प्रेरणास्रोत हैं। स्कूल में सामान्य शिक्षा संग कंप्यूटर, सिलाई-कढ़ाई तथा थारू जनजाति की पारंपरिक वस्तु निर्माण जैसी तकनीकी शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

## पीएम आवास योजना के 20725 आवेदनों पर संदेह, अपात्र होंगे बाहर

**बलरामपुर, अमृत विचार:** पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के तहत कराए गए सर्वे में संदिग्ध आवेदनों का खुलासा हुआ है। कुल 49,678 परिवार आवासविहीन चिन्हित किए गए थे जिनमें से 20,725 आवेदनों को जांच में संदिग्ध रखा गया। अब शासन स्तर से अपात्र पाए गए नामों को सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रभारी परियोजना निदेशक कमलेश कुमार सोनी ने बताया संदिग्ध डाटा की ब्लॉकवार जांच कराई गई। पहले चरण के सत्यापन में 2,853 आवेदक पात्र मिले।

ब्लॉकवार समीक्षा में सदर विकासखंड में 10,546 में से 4,948 आवेदन संदिग्ध पाए गए। इसी प्रकार गैड़ास बुजुर्ग में 1,803 में 1,063, गैसड़ी में 8,325 में 3,812, हरैया सतघरवा में 7,110 में 2,829, पचपेड़वा में 5,922 में 2,667, रेहरा बाजार में 4,680 में 1,228, श्रीदत्तगंज में 2,544 में 934, तुलसीपुर में 5,772 में 1,689 तथा उतरौला में 2,966 में 1,055 आवेदन संदिग्ध मिले।

### सूचना

मैं अखतरून आयु लगभग 45 वर्ष पत्नी स्व0 अब्बास निवासी ग्राम हैबतपुर पोस्ट दर्शननगर शाहनवा जिला अयोध्या उ0 प्र0 शपथ पूर्वक बयान करती हूं की मेरे पति स्व0 अब्बास ने अपने जीवन पर भारतीय जीवन बीमा निगम से पॉलिसी संख्या 218773107 ली है। जिसमें शपथी के पति की मृत्यु हो चुकी है। शपथी बतौर नॉमिनी दर्ज है।शपथी के पति की पॉलिसी संख्या 218773107 नॉमिनी में शपथी/ नॉमिनी का नाम अलकन निशा पत्नी मो0 अब्बास अंकित है। जो शपथी के घर पर पुकारने का नाम है। शपथी के आधार कार्ड वह बैंक खाते में नाम अखतरून पत्नी अब्बास अंकित है। शपथी के पति के मृत्यु प्रमाण पत्र व आधार कार्ड मैं नाम मो0 अब्बास पुत्र साबिर अंकित है। अखतरून पत्नी अब्बास व अलकान निशा पत्नी मो0 अब्बास नाम शपथी का ही है। शपथी के पति की पॉलिसी संख्या 218773107 में शपथी/ नॉमिनी का नाम अलकान निशा पत्नी मो0 अब्बास के स्थान पर अखतरून पत्नी अब्बास संशोधित संशोधित करके भुगतान शपथी के पक्ष में किया जाना न्यायहित में आवश्यक है।

**माँ वैष्णों देवी नकछेद तिवारी लॉ इंस्टीट्यूट, कोटिया, अयोध्या, उ0प्र0**

सम्बद्ध : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या उ0प्र0।

**में आवश्यकता है :-**

स्नातक स्तर पर **विधि संकाय के अन्तर्गत एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्राचार्य 01 पद तथा एल0एल0बी0 प्रवक्ता- 9 पद**

योग्यता एवं वेतनमान- यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

प्रबन्धक
मो0नं0-9452850900

हमारे तरफ से जलालपुर विधानसभा के क्षेत्र वासियों, बड़े बुजुर्ग सबको और प्रदेशवासियों को होली की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं



केसरी नंदन त्रिपाठी
भाजपा नेता
जलालपुर विधानसभा

## कार्यालय नगर पालिका परिषद नवाबगंज जनपद-गोण्डा।

पंत्राक : /815/नोटिस/न0पा0प0न0/2026 दिनांक 27.02.2026

**सार्वजनिक सूचना**

**नोटिस अन्तर्गत धारा 143 (1), 147 (2) उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नवाबगंज गोण्डा के कार्यालय में सम्पत्ति के नामान्तरण के सम्बन्ध में प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर पंजीकृत बैनामा, के रूप में सम्पत्तियो पर अपना नाम दर्ज कराना चाहते है, जिनका विवरण निम्नवत है:-

| क्र0 सं0 | आवेदन कर्ता का नाम | विक्रेता/अध्यासी/सम्पत्ति धारक का नाम | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का क्षेत्रफल (वर्ग मीटर में) | वर्तमान में निकाय अभिलेखों मे सम्पत्ति किसके नाम दर्ज है | दावा आपत्ति का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | श्रीमती उर्मिला पत्नी जयप्रकाश | श्री दुर्गा प्रसाद पुत्र सूरज लाल | मोहल्ला कहरान मकान सं0-419 (बैनामा) | 42.42 वर्ग फुट | श्री दुर्गा प्रसाद पुत्र सूरज लाल | 30 दिन |
| 02 | श्रीमती सलिमुन निशा पत्नी मो0 नसीम व मो0 वसीम, मो0 शमीम, मोहसिन खान पुत्रगण मो0 नसीम | श्री मो0 नसीम पुत्र मो0 यासीन | मोहल्ला पोख्तादरवाजा मकान सं0-42 (वरासत) | 394.73 वर्गफुट | श्री मो0 नसीम पुत्र मो0 यासीन | 30 दिन |
| 03 | श्रीमती तारा देवी पत्नी राधेश्याम व दुर्गेश कुमार, संतोष कुमार पुत्रगण राधेश्याम | श्री राधेश्याम पुत्र राम समुझ | मोहल्ला शुगरमिल पश्चिमी मकान सं0-17 (वरासत) | 66.91 वर्ग मी0 | श्री राधेश्याम पुत्र राम समुझ | 30 दिन |
| 04 | श्री मो0 शकील पुत्र कलूट | श्री कलूट पुत्र मो0 हुसैन | मोहल्ला कहरान मकान सं0-31 (वरासत) | 200.40 वर्ग मी0 | श्री कलूट पुत्र मो0 हुसैन | 30 दिन |
| 05 | श्रीमती किश्मतुल निशा पत्नी मो0 उमर व अनवर अली, बरकत अली पुत्रगण मो0 उमर | श्री मो0 उमर पुत्र बकरीदी | मोहल्ला चाईटोला मकान सं0-372 (वरासत) | 34.31 वर्ग मी0 | श्री मो0 उमर पुत्र बकरीदी | 30 दिन |
| 06 | श्री नियामत उल्ला पुत्र मो0 उमर | श्री मो0 उमर पुत्र बकीदी | मोहल्ला चाईटोला मकान सं0-101 (वरासत) | 11.41 वर्ग मी0 | श्री मो0 उमर पुत्र बकीदी | 30 दिन |
| 07 | श्रीमती साजिदा बानों पत्नी नन्कन व नौसाद अंसारी पुत्र नन्कन | श्री नन्कन पुत्र बकरीदी | मोहल्ला संचरही मकान सं0-471 (वरासत) | 58.16 वर्ग मी0 | श्री नन्कन पुत्र बकरीदी | 30 दिन |
| 08 | श्रीमती विनीता कालरा पत्नी राकेश कालरा व सागर कालरा पुत्र राकेश कालरा | श्री राकेश कुमार पुत्र हरबंश लाल | मोहल्ला पड़ाव मकान सं0-268 (वरासत) | 37.17 वर्ग मी0 | श्री राकेश कुमार पुत्र हरबंश लाल | 30 दिन |
| 09 | श्रीमती विनीता कालरा पत्नी राकेश कालरा व सागर कालरा पुत्र राकेश कालरा | श्री राकेश कुमार पुत्र हरवंश लाल | मोहल्ला संचरही मकान सं0-357 (वरासत) | 190.06 वर्ग मी0 | श्री राकेश कुमार पुत्र हरबंश लाल | 30 दिन |
| 10 | श्री ओमप्रकाश पुत्र अयोध्या प्रसाद | श्री ओमप्रकाश पुत्र अयोध्या प्रसाद | मोहल्ला कहरान मकान सं0-नया (वरासत) | 26.44 वर्ग मी0 | श्री ओमप्रकाश पुत्र अयोध्या प्रसाद | 30 दिन |
| 11 | श्री किशुन देव, सुभम गुप्ता पुत्रगण हरिशंकर | श्री हरिशंकर पुत्र हनोमान, किशन देव पुत्र राम शंकर | मोहल्ला कन्जड़ान मकान सं0-61 (वरासत) | 122.67 वर्ग मी0 | श्री हरिशंकर पुत्र हनोमान, किशन देव पुत्र राम शंकर | 30 दिन |
| 12 | श्रीमती प्रिया गुप्ता पत्नी किशन देव गुप्ता | श्री हरिशंकर पुत्र हनोमान व किशन देव पुत्र राम शंकर | मोहल्ला पड़ाव मकान सं0-600 (वरासत) | 160.68 वर्ग मी0 | श्री हरिशंकर पुत्र हनोमान व किशन देव पुत्र राम शंकर | 30 दिन |
| 13 | श्री सुनील कुमार पुत्र गंगा प्रसाद | श्री गंगा प्रसाद पुत्र मनोदत्त | मोहल्ला संचरही मकान सं0-185 (वरासत) | 48.57 वर्ग मी0 | श्री गंगा प्रसाद पुत्र मनोदत्त | 30 दिन |
| 14 | श्रीमती शान्ती देवी पत्नी राम कृपाल, अनमोल, अँचल पुत्रगण राम कृपाल | श्री राम कृपाल पुत्र किशोरी लाल | मोहल्ला शुगरमिल पूर्वी मकान सं0-93 (वरासत) | 13.94 वर्ग मी0 | श्री राम कृपाल पुत्र किशोरी लाल | 30 दिन |
| 15 | श्री संतोष कुमार, छेदीलाल पुत्रगण नन्द किशोर | श्रीमती शिवकुमारी पत्नी नन्द किशोर | मोहल्ला चाईटोला मकान सं0-430 (वरासत) | 48.84 वर्ग मी0 | श्रीमती शिवकुमारी पत्नी नन्द किशोर | 30 दिन |
| 16 | श्रीमती शोभा देवी पत्नी मोहन व राज करन पुत्र मोहन | श्री मोहन पुत्र विशुन | मोहल्ला शुगरमिल पूर्वी मकान सं0-230 (वरासत) | 165.40 वर्ग मी0 | श्री मोहन पुत्र विशुन | 30 दिन |
| 17 | श्रीमती राम लली पत्नी अशोक कुमार | श्री अशोक कुमार पुत्र पारसनाथ | मोहल्ला कहरान मकान सं0-263 (वरासत) | 57.58 वर्ग मी0 | श्री अशोक कुमार पुत्र पारसनाथ | 30 दिन |
| 18 | श्री सुशीला देवी पत्नी फूल चन्द व आकाश, विकास पुत्रगण फूल चन्द | श्रीमती उषा देवी पत्नी मदन गुप्ता, विशाल कुमार पुत्र मदन गुप्ता | मोहल्ला कहरान मकान सं0-350 (वरासत) | 12.80 वर्ग मी0 | श्रीमती उषा देवी पत्नी मदन गुप्ता, विशाल कुमार पुत्र मदन गुप्ता | 30 दिन |
| 19 | श्रीमती नाजमीन बानों पत्नी मो0 नियाज | श्रीमती सलमा खातून पत्नी करीमुल्ला | मोहल्ला मुठठीगंज गाटा सं0-3580 (बैनामा) | 43.08 वर्ग मी0 | श्रीमती सलमा खातून पत्नी करीमुल्ला | 30 दिन |
| 20 | श्रीमती अफरोज जहाँ पत्नी फिरोज | श्रीमती रूखसाना बानों पत्नी इनायत उल्ला | मोहल्ला पड़ाव गाटा सं0-2596,97, 98 (बैनामा) | 97.95 वर्ग मी0 | श्रीमती रूखसाना बानों पत्नी इनायत उल्ला | 30 दिन |

अतः उपरोक्त क्रेता के नाम सम्पत्ति अंकित करने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस निकाय कार्यालय में अपनी आपत्ति अभिलेखीय साक्ष्यों सहित 30 दिन के अन्दर प्रस्तुत करने हेतु उक्त धाराओं के अन्तर्गत एक माह के लिए नोटिस दिया जाता है। निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा तथा उक्त सन्दर्भित सम्पत्ति पर स्वामित्व के रूप मे जो सम्पत्ति कॉलम-04 से 07 पर अंकित है, पर आवेदिका/आवेदको का नया नाम नगर पालिका परिषद नवाबगंज, गोण्डा के अभिलेखो मे दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद नवाबगंज**
**गोण्डा।**



पचपेड़वा में श्याम निशान यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

## पचपेड़वा से भगवतीगंज तक निकलीं निशान यात्राएं

**पचपेड़वा /बलरामपुर :** फाल्गुन माह में जनपद श्याममय नजर आया, जब पचपेड़वा और भगवतीगंज नगर में खाटू श्याम के श्रद्धालुओं ने धूमधाम से सतरंगी निशान यात्राएं निकालीं। अबीर-गुलाल और भजनों की गूंज के बीच हजारों भक्तों ने "हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा" के जयघोष से वातावरण भक्तिरस में डुबो दिया। पचपेड़वा में श्री श्याम भक्त मंडल के तत्वावधान में राम जानकी मंदिर से श्याम ध्वजा के साथ निशान यात्रा निकाली गई। अध्यक्ष रवि वर्मा, सृष्टि अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अभय वर्मा व शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में श्रद्धालु 20 किलोमीटर पैदल बढ़नी कृष्णा नगर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के लिए रवाना हुए। वहीं भगवतीगंज में श्याम मित्र मंडल द्वारा 301 से अधिक ध्वजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा चंद्रप्रकाश राइस मिल से प्रारंभ होकर भरत मिलाप चौराहा होते हुए अग्रसेन मंदिर अग्रवाल भवन पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निशान स्थापित किए गए।



प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के साथ निर्णायक मंडल व शिक्षक। अमृत विचार

## वीडियोग्राफी प्रतियोगिता में क्षितिज अव्वल

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज में चल रहे संस्थापक सप्ताह समारोह के छठे दिन गुरुवार को वीडियोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. जेपी पांडे के निर्देशन व अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य नियंता प्रो. वीना सिंह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की निर्देशिका प्रो. रेखा विश्वकर्मा की उपस्थिति में प्रतियोगिता उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुई। संयोजन श्रीमती कृतिका तिवारी ने किया। प्रतियोगिता में अनेक छात्र-छात्राओं ने रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में कु. शालिनी सिंह, श्री सिद्धार्थ मोहंता एवं श्री जसप्रीत सिंह ने परिणाम घोषित करते हुए बीबीए द्वितीय वर्ष के क्षितिज गुप्ता को प्रथम, बीएससी तृतीय वर्ष की कनीज़ फ़ैज़ अंसारी को द्वितीय तथा बीकॉम तृतीय वर्ष की मेहरून बानो को तृतीय स्थान प्रदान किया। इस अवसर पर प्रो. श्री प्रकाश मिश्र, डॉ. स्वदेश भट्ट, डॉ. सुनील कुमार शुक्ल व श्री राजर्षि मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### दवा लेने गई युवती लापता, अपहरण का केस

**नवाबगंज, गोंडा :** थाना क्षेत्र के एक गांव से दवा लेने बाजार गई 18 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी 18 वर्षीय बेटी बृहस्पतिवार की सुबह करीब दस बजे अपने भाई की दवा लेने के लिए घर से बाजार गई थी। पिता का आरोप है कि दुर्गा गंज माझा निवासी गौतम निषाद उसकी बेटी को शादी करने की नियत से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

### थार सवार दबंगों ने युवक पर तानी राइफल

**नवाबगंज, गोंडा :** सरयू घाट चौकी क्षेत्र में गुरुवार रात करीब 8 बजे राजबली ढाबा के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक थार सवार युवक को रोककर उसके सीने पर राइफल तान दी गई। टक्कर के बाद दबंगई दिखाते हुए आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। मीरपुर यूसुफ निवासी बबलू यादव पुत्र जगदेव यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बस्ती जनपद के विक्रमजोत क्षेत्र से अपनी थार गाड़ी से घर लौट रहे थे। राजबली ढाबा के पास पीछे से आ रही एक अन्य थार ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। आरोप है कि टक्कर के बाद दूसरी गाड़ी से उतरे करन सिंह ने राइफल निकालकर बबलू यादव के सीने पर तान दी और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### सपाइयों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**तरबगंज, गोंडा :** सपा के प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय सचिव व एसआईआर प्रभारी मसूद आलम खां और विस तरबगंज के पूर्व सपा प्रत्याशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ एसआईआर के जरिए वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में बताया कि विधानसभा तरबगंज में फार्म 7 का दुरुपयोग किया गया है जिसको लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता चिंतित हैं। प्रतिनिधि मंडल ने आरोप लगाया कि विधानसभा तरबगंज में फार्म 7 का बड़े पैमाने पर गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। विशेष रूप से पीडीए बाहुल्य और मुस्लिम बाहुल्य बूथो पर बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम काटने के लिए फॉर्म 7 भरा जा रहा है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि पूरे देवीपाटन मंडल में तरबगंज विस में सबसे अधिक फार्म 7 जमा हुआ है। मसूद आलम खा ने आरोप लगाया कि विस तरबगंज में फार्म 7 का बड़े पैमाने पर दूरुप्रयोग होने की सम्भावना है।

### शिक्षकों ने सीएम का जताया आभार

**तरबगंज, गोंडा :** प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने तथा शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाए जाने के निर्णय पर खुशी जताते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडेय का उनके आवास पर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे शिक्षकों ने फूल-मालाओं से विधायक का स्वागत किया और मुख्यमंत्री को संबोधित आभार पत्र सौंपा। इस अवसर पर विधायक प्रेम नारायण पांडे ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रशिक्षण कर्मचारियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस अभिनंदन समारोह में पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा कर सरकार ने कर्मचारियों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की है। कैशलेस चिकित्सा सुविधा और मानदेय वृद्धि का निर्णय गरिमापूर्ण जीवन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर उमाशंकर सिंह, बलवंत सिंह, अवनीश पांडेय आदि मौजूद रहे।

## रोजगार मेले में आए युवा हुए उत्साहित

**बलरामपुर, अमृत विचार:** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा शुक्रवार को श्री राम तीर्थ चौधरी पीजी कॉलेज, इमिलिया बनघुसरा, उतरौला में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि सुनीता वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मिथिलेश चौधरी, सहायक निदेशक (सेवायोजन) राजीव कुमार सिंह तथा जिला सेवायोजन अधिकारी मीना गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की 9 कंपनियों ने प्रतिभाग करते हुए बिलिंग क्लर्क, मैनेजर, स्टोर कीपर, सुपरवाइजर, हेल्पर, मशीन ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य पदों पर चयन प्रक्रिया संचालित की। मेले में कुल 693 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 411 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। कई को ऑफर लेटर भी प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना, जिला उद्योग केंद्र एवं बैंक शाखाओं द्वारा स्टॉल लगाकर युवाओं को स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार के बेहतर अवसरों का लाभ उठाने की सलाह दी। जिला सेवायोजन अधिकारी मीना गुप्ता ने कहा आगे भी रोजगार मेलों का आयोजन निरंतर जारी रहेगा।




रोजगार मेले को संबोधित करतीं जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता। अमृत विचार

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, दंपति घायल

**नवाबगंज, गोंडा :** गोंडा-अयोध्या मार्ग पर शुक्रवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने के प्रयास में यह दुर्घटना हुई। दोनों घायलों को अयोध्या के अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार वजीरगंज थाना क्षेत्र के मझारा गांव निवासी 50 वर्षीय छेदीलाल मौर्य अपनी पत्नी के साथ बाइक से अयोध्या जा रहे थे। दोपहर करीब एक बजे जब वे नवाबगंज थाना क्षेत्र में गोंडा-अयोध्या मार्ग पर बालापुर गांव के सामने पहुंचे, तो उन्होंने आगे चल रही ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उसी समय ट्रैक्टर चालक ने अचानक वाहन मोड़ दिया, जिससे बाइक सीधे ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े।

# हो चुके कार्य की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दें

## ▶ सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में हुई दिशा की बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण योजना गारण्टी की समीक्षा के दौरान सांसद ने उपायुक्त श्रम रोजगार को निर्देश दिए कि हो चुके कार्य की सूची व जानकारी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं।

उन्होंने इसी प्रकार उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देश दिया कि स्वयं सहायता समूहों की संख्यात्मक सूची एवं लखपति दीदियों की सूची भी उपलब्ध कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार का अधिक से अधिक कृषक लाभ प्राप्त कर सके। इसके लिए मण्डी सचिव को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा बाहरी मण्डी में उपज की बिक्री हेतु किसानों को सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिये गये। उप निदेशक कृषि को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत भुगतान की गयी धनराशि व कृषकों की सूची जनप्रतिनिधियों के साथ साझा करने के निर्देश दिये गये।


सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड का स्वागत करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी।

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की समीक्षा के दौरान सांसद द्वारा निर्देश दिया गया कि समस्त चिन्हित स्थानों पर शीघ्र से शीघ्र जन औषधि केंद्रों को संचालित कर आमजन को सभी अनुमन्य औषधियां उपलब्ध करायी जाय। उन्होनें जन औषधि केन्द्रों पर वेण्डर नामित किये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान जिला दिव्यांगजन सषक्तिकरण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 03 व 25 दिसम्बर 2025 को विकास भवन व महराज सिंह इण्टर कालेज में दिव्यांगजनों को जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सहायक उपकरणों का वितरण कराया गया है। इस सम्बंध में सभी पात्र दिव्यांगजनों को विभागीय योजनाओं से आच्छादित किया जाय।

बैठक के दौरान अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स, राष्ट्रीय पशु रोग नियमंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान, एकीकृत बाल विकास योजना, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण 1.0, समग्र शिक्षा, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, ई-श्रम पोर्टल, अटल पेंशन योजना इत्यादि योजनाओं की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, विधायक बलहा सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह सहित निकायों के अध्यक्ष, प्रमुखगण, समिति के सदस्यगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को ऋण दिलाकर उन्हें स्वावलम्बी बनाया जाए: सांसद

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान सांसद डॉ. गोंड द्वारा सुझाव दिया गया कि जो मार्ग अतिआवश्यक है उनके प्रस्ताव की प्रति जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करा दी जाए। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना अन्तर्गत चयनित कलस्टरों के अवशेष कार्य को पूर्ण करने के लिए सांसद द्वारा समय सीमा तय किये जाने का निर्देश दिया गया। आर-सेटी द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान निदेशक द्वारा बताया गया कि अब तक 797 लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। सांसद ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को ऋण दिलाकर उन्हें स्वावलम्बी बनाया जाए तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### सफाई कर रही महिला पर पड़ोसियों का हमला

**बहराइच।** जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र में स्थित बदरौली ग्राम में शुक्रवार की सुबह घर के सामने सफाई कर रही एक महिला पर उसके पड़ोसियों ने हमला कर दिया इस दौरान पुरुष व महिलाओं ने इसे जमकर पीटा पीड़ित ने स्थानीय थाने में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। बदरौली ग्राम के रहने वाले शिवशंकर पांडे का इलाके के ही रहने वाले कृष्णा पांडे से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आज सुबह उनकी पत्नी ममता घर के सामने साफ सफाई कर रही थी, तभी अचानक विपक्षियों ने उनपर हमला कर दिया। चीख सुनकर जब तक परिवार के लोग मौके पर पहुंचते सब्जी ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता ने कैसरगंज थाने में कृष्ण गोपाल पांडे, श्रवण कुमार, मनोज व प्रवेश पांडे के खिलाफ तहरीर दी है। वहीं थाना प्रभारी राजेश शुक्ला ने बताया कि मुकदमा दर्जकर मारपीट में शामिल एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

### होली पर साफ-सफाई के रहेंगे बेहतर प्रबंध

**बहराइच।** अभि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह ने बताया कि होली त्योहार के अवसर पर 03 व 04 मार्च को पूर्व वर्षों की भांति नगर क्षेत्र सभी नलकूपों से अनवरत जलापूर्ति व्यवस्था के प्रभावी पर्यवेक्षण, समय से बाधित जलापूर्ति को चालू कराने, नगर क्षेत्र की समुचित साफ-सफाई व नालियों की सफाई, मलबा एवं कूड़ा उठान तथा चूनाकारी की व्यवस्था के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के नगर पालिका कार्मिकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि सफाई नायकों को होलिका दहन स्थलों के आस-पास समुचित सफाई, कूड़ा निस्तारण एवं चूनाकारी के लिए निर्देशित किया गया है।

### 400 ग्राम गांजे समेत तस्कर गिरफ्तार

**लेंगड़ी गूलर (श्रावस्ती):** गिलौला थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने शुक्रवार तिलकपुर मोड़ स्थित गिलौला बाइपास पुलिया से एक युवक को गिरफ्तार किया उसके पास से पुलिस ने 400 ग्राम गांजा, एक बाइक व गांजा बिक्री से मिला 5080 रुपया बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान बहराइच के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के सिटकहना जोतकेशव निवासी सतीश मिश्रा पुत्र रामदरश मिश्रा के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

### हाईवे जाम कर केस दर्ज करने की मांग

**इकौना (श्रावस्ती):** संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत को लेकर मायके पक्ष के लोगों ने शुक्रवार को हाईवे को जाम कर दिया। साथ ही ससुरालियों के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना व हत्या का केस दर्ज करने की मांग पर अड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया। नवीन माडर्न थाना कटरा क्षेत्र के मलपुरवा निवासी राधा जायसवाल पत्नी हरिओम जायवाल की गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला था।

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाला पति गिरफ्तार

**जमुनहा (श्रावस्ती):** हरदत्तनगर गिरण्ट थाना क्षेत्र के बाढईपुरवा निवासी एक महीना की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति राजू सिंह व सास पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी पति राजू सिंह पुत्र करम सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# जर्जर संजय सेतु: पांटून पुल निर्माण के लिए 6.28 करोड़ रुपये मंजूर

जरवल रोड (बहराइच)

- प्रयागराज से आएंगे बड़े पीपे 15 अप्रैल तक कार्य पूरा करने के निर्देश

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे-927 बाराबंकी-बहराइच मार्ग पर स्थित संजय सेतु की सेहत सुधारने की तैयारी तेज हो गई है। मरम्मत कार्य के दौरान यातायात को सुचारू रखने के लिए घाघरा नदी पर पांटून (पीपे) का अस्थायी पुल बनाया जाएगा। इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 628.53 लाख रुपये के बजट को हरी झंडी दे दी है।

इस पांटून पुल के निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री जुटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के अनुसार, प्रयागराज की कार्यशाला (झूंसी/इलाहाबाद वर्कशॉप) से 208 पीपे बड़े ट्रकों और ट्रेलरों के जरिए घाघराघाट लाए जाएंगे। इन पीपों को नदी किनारे उतारकर 104 जोड़ी के सेट में असेंबल किया जाएगा, जिससे वाहनों के गुजरने के लिए मजबूत रास्ता तैयार हो सके।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक नकुल प्रकाश वर्मा ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया है कि पुल का निर्माण 15 अप्रैल तक या उससे पहले हर हाल में पूरा कर लिया जाए। कार्य की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने साफ किया है कि बजट हस्तांतरण की प्रक्रिया चलती रहेगी, लेकिन कार्य को तत्काल शुरू कर दिया जाए।

बता दें कि संजय सेतु पर मरम्मत का काम लंबे समय से प्रस्तावित है। काम शुरू होने पर हाईवे का ट्रैफिक पूरी तरह बंद करना पड़ेगा। जरवल रोड और बहराइच के बीच वाहनों के आवागमन में बाधा न आए, इसलिए घाघराघाट पर पांटून पुल बनाकर ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा। प्रशासन ने संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया है कि वे 13 अप्रैल 2026 तक पर्याप्त मशीनरी और मजदूरों के साथ साइट पर अपनी तैनाती सुनिश्चित करें। पांटून पुल बनने से लोगों और ट्रांसपोर्टरों को मरम्मत के दौरान लंबी दूरी तय करने की परेशानी से राहत मिलेगी।

# अलग-अलग मार्ग हादसों में दो लोगों की हुई मौत

सिरसिया/जमुनहा (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गुरुवार रात हुए दो सड़क हादसों में बलरामपुर निवासी अधेड़ सहित दो लोगों की मौत हो गई। पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है।

बलरामपुर जिले के ललिया थाना क्षेत्र के अमवा गांव निवासी कैलाशनाथ (50) गुरुवार रात शादी समारोह में शामिल होने के लिए सिरसिया के पंडितपुरवा निवासी रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इस दौरान सिरसिया-तुलसीपुर मार्ग पर हथियाकुंड नाले के पास उनकी बाइक में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग गया। राहगीरों ने गंभीर रूप से घायल कैलाशनाथ को एंबुलेंस से सीएचसी सिरसिया पहुंचाया। जहां उनकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने कैलाशनाथ को मृत घोषित कर दिया। मृतक के दामाद विश्वनाथ ने बताया कि हादसा किस वाहन से हुआ इसकी जानकारी नहीं है। पोस्टमार्टम के बाद तहरीर दी जाएगी। वहीं एक अन्य हादसे में सोनवा क्षेत्र के ग्राम चन्दरखा बुजुर्ग के मजरा धोबीपुरवा निवासी परशुराम (42) चिचड़ी चौराहे पर मोची का काम कर परिवार का भरण पोषण करते थे। गुरुवार रात वह चिचड़ी चौराहे से वापस पैदल घर जा रहे थे। जमुनहा-बहराइच मार्ग स्थित जिनौठा मोड़ के पास तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची सोनवा पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। सोनवा थाना प्रभारी बिशुददेव पांडेय ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। वहीं मौत की सूचना के बाद दोनों परिजनों में चीख-पुकार व कोहराम मचा रहा।

# पुलिस हिरासत में मेडिकल स्टोर संचालक की मौत, प्रभारी समेत कई पर केस दर्ज

संवाददाता, बहराइच

- छेड़छाड़ के आरोप में थाने ले गई थी पुलिस
- परिजनों के आरोपों के आधार पर जांच के आदेश

**अमृत विचार।** जिले के रामगांव थाना क्षेत्र में मेडिकल स्टोर का संचालन कर रहे एक व्यक्ति पर इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया था। गुरुवार को पुलिस उन्हें पकड़ कर थाने लेकर आई। परिजनों का आरोप है जब वो जानकारी के लिए पहुंचे तो पुलिस कर्मियों ने उन्हें भगा दिया। करीब तीन घंटे बाद रात नौ बजे थाना प्रभारी ने उनकी तबियत खराब होने की सूचना दी। जानकारी पर संचालक का बेटा व भतीजे जब थाने पहुंचे तो वो बेसुध पड़े थे। जब उन्हें जिला अस्पताल लाया गया तो परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों के आरोप व उच्चाधिकारियों के आदेश पर थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों पर हत्या का मामला दर्ज कर देहात कोतवाल को मामले की जांच के आदेश दिए गए है।

राकेश चंद्र श्रीवास्तव उर्फ गोपाल (55) रामगांव थाना क्षेत्र में स्थित गोविन्दपुर चौराहे पर मेडिकल स्टोर की दुकान चलाते है। गुरूवार शाम छह बजे थानाध्यक्ष गुरूसेन सिंह, सिपाही पवन सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों दुकान पर पहुंच उन्हें पकड़ थाने ले आए जानकारी पर भतीजा आयुष व अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो उन्हें मिलने नहीं दिया गया।


राकेश चंद्र श्रीवास्तव की फाइल फोटो।

करीब रात नौ बजे थाना प्रभारी ने परिजनों को उनकी तबियत खराब होने की सूचना दी। जब लोग मौके पर पहुंचे तो वो बेहोश थे। भतीजे आयुष ने बताया कि चाचा को उसी हालत में पुलिस कर्मी जीप से लाकर घर पर छोड़ चले गए। उनकी सांसे नहीं चल रही थी। हम लोग उन्हें लेकर जिला अस्पताल इमर्जेंसी पहुंचे तो वहां पर तैनात चिकित्सक शिवम ने बताया कि इनकी मौत हो चुकी है। जैसे ही इस बात की सूचना इलाके में पहुंची तो लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सभी ने थाने में मारपीट के दौरान उनकी मौत की बात कही।

सूचना पर देर रात पुलिस क्षेत्राधिकारी पवन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक के खिलाफ इलाके के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। इसी को लेकर पुलिस ने उन्हें थाने बुलाया था। तबियत खराब होने पर परिजनों के साथ उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया था।

परिजनों के आरोप पर थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों पर मॉब लीचिंग की धारा 103/2 में मुकदमा दर्जकर किया गया है। देहात कोतवाल दद्दन सिंह पूरे मामले की जांच करेंगे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की हादसे में मौत

**इकौना (श्रावस्ती), अमृत विचार।** परीक्षा देकर घर लौट रहे एक छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। छात्र बाइक से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई जिसमें उसने दम तोड़ दिया। नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र के झंझार गांव निवासी नौमान खान (19) पुत्र रफीक खान शुक्रवार को परीक्षा केन्द्र जेपी आदर्श इंटर कालेज कैलाशपुर में बाइक से इण्टरमीडिएट की परीक्षा देने गया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह बाइक से वापस अपने घर जा रहा था। इस दौरान नेशनल हाइवे 730 पर इकौना बाईपास स्थित जनता धर्म काटा के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में नौमान गंभीररूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायल छात्र को सीएचसी इकौना भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने घायल छात्र को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि छात्र लेखपाल चौधरी राम बिहारी इंटर कॉलेज में इण्टर में पढ़ता था। जिसका सेंटर जेपी आदर्श इंटर कालेज में गया था।

### कतर्नियाघाट में सैलानियों के लिए कौतूहल का केंद्र बना मधुमक्खियों वाला पेड़

**बहराइच, अमृत विचार।** कतर्नियाघाट वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी की ककरहा रेंज इस दिनों एक प्राकृतिक चमत्कार के कारण चर्चा में है। हंसुलिया नहर के निकट स्थित एक सेमल का पेड़ पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है। सैलानी दूर-दूर से इस पेड़ को देखने, उसकी तस्वीरें लेने और वीडियो बनाने के लिए उमड़ रहे हैं। जंगल में यूं तो मधुमक्खियां अक्सर पेड़ों पर छत्ते बनाती हैं, लेकिन यह सेमल का पेड़ बिल्कुल अलग है। इस पर मधुमक्खियों ने एक-दो नहीं, बल्कि दर्जनों की संख्या में छत्ते बनाए हैं। घने छत्तों से लदा यह पेड़ किसी अजूबे से कम नहीं लगता। 'फ्रेंड्स ऑफ कतर्नियाघाट' के संयोजक बी.डी. लखमानी ने बताया कि ककरहा रेंज बफर जोन में आती है, जहां हर साल शहद का ठेका होता है। इस प्रक्रिया में जून महीने में पेड़ से सभी छत्ते काट लिए जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि छत्ते हटाए जाने के बावजूद, अगले साल मधुमक्खियां फिर इसी पेड़ को अपना आशियाना बना लेती हैं। लखमानी के अनुसार, यह सिलसिला विगत दशकों से इसी तरह चल रहा है, जो वनस्पति और कीट विज्ञान की दृष्टि से भी शोध का विषय है।


पेड़ पर मधुमक्खियों के लगे छत्ते।

### 1501 निशानों के साथ बाबा श्याम का सतरंगी फाल्गुन महोत्सव आज

**पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार।** पयागपुर कस्बा पूरी तरह श्याममयी होने जा रहा है। श्री श्याम प्रभु रानी सती मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 'सतरंगी फाल्गुन महोत्सव' की तैयारियां युद्ध स्तर पर पूरी की जा रही हैं। इस बार का महोत्सव न केवल अपनी भव्यता, बल्कि अपनी अलौकिक सजावट और श्रद्धा के सैलाब के लिए भी याद किया जाएगा महोत्सव की दिव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बाबा के दरबार को सजाने के लिए दिल्ली, कोलकाता और वाराणसी के साथ-साथ विदेशी प्रजाति के दुर्लभ फूल मंगाए जा रहे हैं। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण को सुगंधित बनाने के लिए विशेष रूप से इत्र वर्षा की जाएगी, जो भक्तों को एक अलौकिक अनुभूति कराएगी आयोजन का मुख्य आकर्षण शनिवार को निकलने वाली भव्य 'निशान शोभा यात्रा' होगी। इसमें पयागपुर के विभिन्न क्षेत्रों सहित आसपास के इलाकों से आए श्याम भक्त 1501 निशान (पवित्र ध्वज) लेकर बाबा के दरबार पहुंचेंगे। यह यात्रा सुबह 9 बजे पंचायती मंदिर से शुरू होकर बाजार के मुख्य मार्गों से होते हुए गुलाल और भजनों की गूंज के बीच त्रिदेव मंदिर पहुंचेगी। 70 से अधिक सेवादार: पयागपुर बस स्टॉप, कोटबाजार, पुरैना, गंगवल, विशेश्वरगंज और खुटेहना से आए सेवादार व्यवस्था संभालेंगे।


सजाया श्री श्याम बाबा का दरबार।

### निशान यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**खैरीघाट (बहराइच)।** बहराइच शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के चंदेला कला गांव से शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर भव्य श्याम निशान यात्रा निकाली गई। सैकड़ों श्रद्धालु हाथों में श्याम निशान लेकर पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा नानपारा शहर स्थित खाटू श्याम मंदिर तक जाएगी, जहां श्रद्धालु विधि-विधान से निशान अर्पित कर मुरादें मांगेंगे। यात्रा के दौरान डीजे की धुन पर श्रद्धालु भक्ति गीतों पर थिरकते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजकों की ओर से यात्रा के लिए बेहतर प्रबंधन किया गया है। मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। उप निरीक्षक राम प्रवेश पांडेय, कांस्टेबल राधेश्याम तथा लेखपाल कौशलेंद्र कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली और यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई।


निशान यात्रा में शामिल भक्त।

### यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन

**बहराइच, अमृत विचार।** अखिल भारतीय यादव महासंघ के बैनर तले आज बड़ी संख्या में समाज के लोगों के जिलाधिकारी कार्यालय के सामने पहुंच यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। यादव समाज के लोग शुक्रवार की दोपहर नगर में स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के पास पहुंच फिल्म को समाज विरोधी व समाज को बदनाम करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए फिल्म के पोस्टर को जलाते हुए जुलूस निकाल नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया, सभी ने सरकार से फिल्म पर रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने फिल्म का बॉयकॉट करने की बात कहते हुए कहा कि अगर फिल्म पर रोक नहीं लगाई गई तो हम लोग ओर भी बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करेंगे सभी ने फिल्म निर्माता समेत पूरी यूनिट पर कार्यवाही करने की मांग की। विरोध-प्रदर्शन के दौरान महासंघ के पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग मौजूद रहे।

# शिविर में की गई वृद्धजनों की सेहत की जांच

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग की ओर से भिनगा में संचालित वृद्धाश्रम में शुक्रवार से अटल वयो अभ्यूदय योजना के तहत 12 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पहले दिन चिकित्सा शिविर में वृद्धजनों के सेहत की जांच की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अटल वयो अभ्यूदय योजना से वृद्धजनों को सेहतमंद बनाने का काम किया जाएगा। वृद्धजनों को योग का प्रशिक्षण देकर उन्हें नियमित योग के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही उन्हें कागज के लिफाफे, मिठाई डिब्बा, अगरबत्ती आदि को बनाने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इससे वह अपने निजी खर्चे के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे। इस दौरान योग प्रशिक्षण अरुण कुमार व अर्चना वर्मा ने वृद्धजनों को योग का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक ने बताया कि बुजुर्गों के लिए हठ योग व बिटिलासन काफी उपयोगी है। डॉ. अजय कुमार ने बताया कि आयुर्वेदिक दवाओं का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। फिर भी उसे चिकित्सक के परामर्श पर ही सेवन करना चाहिए। इस मौके पर सहायक प्रबंधक समाज कल्याण प्रशांत सिंह, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक वर्मा, संदीप कुमार, पटवारी लाल, राहुल, अलखराम, राजेश, राजकुमार सहित अन्य मौजूद रहे।


मां सरस्वती की पूजा कर शिविर की शुरुआत करते जिला समाज कल्याण अधिकारी।

आयोजन

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के दोषी दंपति को पांच वर्ष की कैद

संवाददाता, श्रावस्ती

- एडीजे ने दंपति पर लगाया 35 35 हजार रुपये का जुर्माना

**अमृत विचार।** सिरसिया क्षेत्र निवासी किशोरी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी व घटना में आरोपी का साथ देने वाली पत्नी को गुरुवार एडीजे ने दोषी करार दिया। न्यायालय से दोषी दंपति को पांच वर्ष की कैद व प्रत्येक को 35 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है।



सिरसिया थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने चार वर्ष पूर्व स्थानीय थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मध्यप्रदेश के छत्तरपुर जिले के अरोक्षा थाना क्षेत्र के नरायनपुर निवासी राम प्रसाद अपनी पत्नी के सहयोग से उसकी पुत्री को बहका ले गया। आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़ित की पुत्री से दुष्कर्म किया। इसमें आरोपी की पत्नी ने भी सहयोग किया। इस पर सिरसिया पुलिस ने पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर न्यायालय पर दंपति के खिलाफ आरोप पत्र भेजा था। गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश निर्दोष कुमार ने दंपति को दोषी करार देते हुए पांच-पांच साल के सश्रम कारावास व प्रत्येक को 35000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया। अर्थदंड न अदा न करने दोषी दंपत्ति को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

आयोजन | कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशासनिक स्टाफ की कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी ने दिए निर्देश

# वृद्धजनों का कार्य प्राथमिकता पर विनम्रतापूर्वक करें : सीडीओ

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रशासनिक स्टाफ ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य प्रशासनिक स्टाफ को यह प्रशिक्षित करना था कि सरकारी योजनाओं का लाभ वृद्धजनों तक कैसे पहुंचाया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीओ शाहिद अहमद व संचालन समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति ने किया।

सीडीओ ने अधिकारियों से कहा कि अगर आपके पास कोई वृद्धजन किसी कार्य के लिए आते हैं, तो हमें वृद्धजनों के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करना चाहिए। हमें उनकी पूरी बात विनम्रतापूर्वक सुननी और समझनी चाहिए और कोशिश करनी चाहिए की समस्या का समाधान तत्काल हो जाये और उन्हें बार बार आफिस के चक्कर न काटने पड़ें। सीएमओ डॉ एके सिंह ने बताया कि समाज कल्याण विभाग से संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत 50 वृद्धजनों के निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन कराया जाना है। स्वास्थ्य विभाग मार्च माह में कैंप लगाकर लक्ष्य के अनुरूप वृद्धजनों को लाभान्वित करने की योजना है। एसडीएम प्रवीण यादव ने बताया की वृद्धजन के साथ हमें बहुत सम्मानपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। उनके कार्यों को निस्तारित करने में रूचि रखनी चाहिए और पूरी कोशिश करनी चाहिए कि उनका कार्य प्रथम प्रयास में ही संपन्न हो सके। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग विभिन्न प्रकार के कैंप भी लगा रहा है। जिससे बुजुर्गों को योजनाओं का लाभ उनके दरवाजे पर मिल सके। इस दौरान एसीएमओ डॉ उदयराज, डॉ केके वर्मा, डॉ संत कुमार, डॉ अश्विनी कुमार मिश्र सहित प्रशासनिक स्टाफ के प्रशिक्षु मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रशासनिक स्टाफ कार्यशाला में मौजूद सीडीओ व अधिकारी।

### कार्यालयों का डीएम ने किया निरीक्षण

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** शासकीय कार्यो के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं। कार्यालय में सफाई प्रत्येक दशा में रखें। यह बातें शुक्रवार डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों के औचक निरीक्षण के दौरान कहीं। इस दौरान उन्होने केन्द्रीय अभिलेखागार एवं राजस्व अभिलेखागार, मालखाना, भू अभिलेख सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कहा कि यदि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बिना किसी सूचना के अपने कार्यालय से अनुपस्थित मिला तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। उन्होने सभी कार्यालयों में उपस्थित पंजिका सहित अन्य रजिस्टर व अभिलेख को देखा। नजारत में सभी फाइल व रजिस्टरों को हमेशा अपडेट रखने का निर्देश दिया। उन्होने आरसी वसूली की पंजिका को अपडेट करने, आडिट आपत्तियों का निराकरण कराने तथा डेड स्टाक को भी सत्यापित कराने का निर्देश दिया है। इस दौरान एडीएम न्यायिक अशोक कुमार, एसडीएम प्रवीण यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी सहित पटल सहायक मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट का निरीक्षण करते डीएम।

